इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 221 राजनांदगांव, रविवार 29 जून 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# पीएम ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से की बात कहाः आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ, देश की भावनाएं आपके साथ



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की, जो इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु से कहा, आप आज मातृभूमि से, भारत भूमि से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 भारतवासियों की भावनाएं भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं ज्यादा समय नहीं ले रहा हूं, सबसे पहले तो ये बताइए कि वहां सब कुशल मंगल है, आपकी तबीयत ठीक है?

जवाब में ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने कहा, जी प्रधानमंत्री जी, आपका और 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यहां बिल्कुल ठीक हूं, सुरक्षित हूं, आप सबके आशीर्वाद और प्यार की वजह से। बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत नया अनुभव है। कहीं न कहीं बहुत सारी चीजें ऐसी हो रही हैं, जो दर्शाती हैं कि मैं और मेरे जैसे लोग देश में इस दिशा में जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ये जो मेरी यात्रा है, ये पृथ्वी से ऑर्बिट की 400 किलोमीटर की छोटी सी यात्रा है, ये सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि मेरे देश की भी यात्रा है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने आगे कहा, मैं जब छोटा था। मैं कभी सोच नहीं पाया कि मैं अंतरिक्ष यात्री बन पाऊंगा। लेकिन मुझे लगता है कि आपके नेतृत्व में आज का भारत ये मौका देता है और उन सपनों को भी साकार करने का मौका देता है। ये मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं बहुत गर्व (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कोलकाता गैंगरेप केस में 5 सदस्यीय एसआईटी गठित, एसीपी प्रदीप घोषाल की देखरेख में होगी जांच

कोलकाता। कोलकाता पुलिस ने लॉ कॉलेज गैंग रेप केस की जांच जारी रखने के लिए एसीपी प्रदीप कुमार घोषाल की देखरेख में 5 सदस्यीय स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम का गठन किया है. साउथ कोलकाता में स्थित एक लॉ कॉलेज के कैम्पस में फर्स्ट ईयर की छात्रा के साथ 25 जून को गैंग रेप का मामला सामने आया था. इस केस में अब तक मुख्य आरोपी समेत कुल चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है. मोनोजीत के अलावा गिरफ्तार तीन अन्य आरोपियों में साउथ कोलाकाता लॉ कॉलेज के ही प्रथम वर्ष के छात्र जैब अहमद, द्वितीय वर्ष के छात्र प्रमित मुखर्जी और एक सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी शामिल हैं. अदालत ने सभी आरोपियों को 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. इस बीच पीड़िता के वकील ने आज तक से बातचीत में बताया कि छात्रा के साथ बलात्कार से पहले उसके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छात्रा से दुष्कर्म मामले में लॉ कॉलेज का गार्ड गिरफ्तार; अब तक चार पर पुलिस का शिकंजा

कोलकाता कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोलकाता पुलिस ने बताया है कि लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस की ओर से हिरासत में लिए गए गार्ड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, सुरक्षा गार्ड को आज सुबह गिरफ्तार किया गया। वह गोलमोल जवाब दे रहा था। कॉलेज में उसकी मौजूदगी कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमलाः सैन्य काफिले को बनाया गया निशाना; 13 सैनिकों की मौत, 10 जवानों समेत 29 घायल



इस्लामाबाद। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। हमले में दर्जनों लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि, हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खड्डी इलाके में आज सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक इकाई के माइन-रेसिस्टेंट एम्बुश प्रोटेक्टेड (एमआरएपी) वाहन से भिड़ा दिया। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन की सैन्य काफिले से टक्कर करवा दी। विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए। इसके अलावा 10 सैन्यकर्मी और 19 नागरिक घायल हो गए। यह क्षेत्र तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के निशाने पर रहता है। सूत्रों के मुताबिक, हमले के समय इलाके में चल रही सैन्य गतिविधियों के कारण कर्फ्यू लगा दिया गया था। विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बचाव अभियान शुरू किया। आतंकवादी समूह उसुद अल-हरब के एक उप-गुट हाफिज गुल बहादुर समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में हुई सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# पूर्व आईएएस टुटेजा की याचिका खारिज, ईडी-एसीबी जांच पर मॉनिटरिंग की थी मांग



बिलासपुर। पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। याचिका में टुटेजा ने पूरी जांच और पुलिसिया कार्रवाई के साथ ही ईडी और एसीबी द्वारा की जारी कार्रवाई की मॉनिटरिंग कोर्ट द्वारा किए जाने की मांग की थी । इस अपील को हाईकोर्ट ने स्वीकार नहीं किया ।प्रदेश के चर्चित शराब घोटाला और मनी लांड्रिंग केस में पूर्व आईएएस जेल में हैं। पूर्व में एसीबी की कार्रवाई के खिलाफ टुटेजा द्वारा दायर की गई जमानत याचिका भी खारिज की जा चुकी है। इसके बाद ईडी के प्रकरण में उन्होंने जमानत याचिका दायर की थी।

सुनवाई के दौरान टुटेजा के वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। राजनीतिक षडयंत्र के तहत उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है। इसके साथ ही इस प्रकरण को चलते हुए काफी समय हो गया है और याचिका करता काफी दिनों से जेल में बंद है। ईडी की तरफ से उपमहाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडेय ने जमानत देने का विरोध करते कहा कि शराब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आईपीएस अधिकारी पराग जैन होंगे नए रॉ प्रमुख, ऑपरेशन सिंदूर में निभाई थी अहम भूमिका



नई दिल्ली। केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे। रवि सिन्हा का मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वे 1 जुलाई 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया हलकों में सुपर जासूस के तौर पर जाने जाने वाले पराग जैन मानव खुफिया को तकनीकी खुफिया के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित करने के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह खासियत कई अहम ऑपरेशनों में अहम रही है।

### कौन हैं पराग जैन?

पंजाब में जब आतंकवादियों ने दहशत मचा रखी थी, पराग जैन ने तब भटिंडा, मानसा, होशियारपुर में ऑपरेशनल भूमिका निभाई। इससे पहले वे चंडीगढ़ के एसएसपी और लुधियाना के डीआईजी रह चुके हैं। उन्होंने रॉ में पाकिस्तान डेस्क संभाली है। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाए जाने और ऑपरेशन बालाकोट के दौरान जम्मू-कश्मीर में भी काम किया है। पराग जैन काफी विनम्र अधिकारी कहे जाते हैं। उन्होंने कनाडा और श्रीलंका में भारतीय प्रतिनिधि के तौर पर काम किया है।


# हिंसा से उबर कर अब बदलाव की राह पर बस्तर



## तीन दशकों के आतंक और दहशत का खत्म हो रहा दौर, छत्तीसगढ़ में तेजी से सिमट रहा नक्सली हिंसा का दायरा

"लाल आतंक के खात्मे के लिए नक्सलियों के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई जोर-शोर से जारी है, जिसका परिणाम है कि नक्सलियों की कमर अब टूट गई है। प्रदेश से जब तक नक्सली हिंसा और उग्रवाद का अंत नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे।"

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



आदिवासी बाहुल्य आबादी, अनुपम नैसर्गिक सुंदरता और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बस्तर में आज विकास का सबसे बड़ा अवरोधक है नक्सली हिंसा। पिछले 3 दशकों में नक्सलियों ने यहां अपने पैर पसारे। बंदूक के दम पर हिंसा के साथ विकास कार्यों में बाधा पहुंचाई। नक्सलियों ने अपने झूठे और खोखले सिद्वांतों के जरिए लंबे समय तक भोले- भाले आदिवासियों को भ्रम में डाला। हिंसा का सहारा लेकर उन्हें डराने की कोशिश की। बच्चों से उनके स्कूल छीने, उनका बचपन छीना, उन्हें हिंसा की राह पर धकेला। कई परिवारों को बर्बाद किया, सुहागनों के सिंदूर उजाड़े। बेटियों को अगवा किया और उन्हें भी हिंसा के रास्ते पर ले गए। इसी वजह से संसाधनों से परिपूर्ण बस्तर पर देश के सबसे पिछड़े इलाकों में एक होने का धब्बा लगा। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ विकास के इस अवरोध को पूरी तरह से समाप्त करने पर डटी हुई है। अब वह दिन दूर नहीं जब नक्सलवाद की काली छाया छत्तीसगढ़ से पूरी तरह मिट जाएगी। बस्तर में विकास का नया सवेरा अब होने ही वाला है। यहां नक्सलियों की कमर टूट चुकी है, अब बस इसका समूल खात्मा बाकी है, जिसकी डेड लाइन भी तय हो चुकी है। मजबूर आदिवासी ग्रामीणों पर हुए इन अत्याचारों का अब हिसाब होने वाला है। उन्हें अब न्याय मिलेगा। उन्हें अब अपना खुशहाल बस्तर मिलेगा, जो इन हिंसा वादियों के चंगुल से पूरी तरह मुक्त होगा और विकास के रास्ते पर पूरी गति से आगे बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ में सिमटते हुए नक्सलवाद के अतीत पर अगर गौर करें तो यह बेहद दर्दनाक रहा है। नक्सली हिंसा की वजह से बस्तर के स्थानीय लोगों ने करीब तीन दशकों तक बहुत कुछ सहा है। बहुत सी ऐसी कड़वी यादें हैं जो कभी भी भुलाई नहीं जा सकतीं, और इन्हें जब भी याद करें तो नक्सलियों को परास्त करने का हौसला और भी मजबूत हो जाता है। पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान पूरे हौसले के साथ नक्सल मोर्चे पर डटे हैं और अब जल्द ही नक्सलियों का समूल अंत होगा।

### खुल रहे स्कूलों के द्वार

झूठे सिद्धांतों की दुहाई देने वाले नक्सली, बच्चों की शिक्षा के भी घोर विरोधी रहे हैं। उन्हें हमेशा यह डर रहा है कि यदि बस्तर की नई पीढ़ी पढ़ लिखकर जागरूक हो जाएगी, तो उनके बहकावे में नहीं आएगी। इसी भय के चलते नक्सली शिक्षा के मंदिरों पर हमले करते, उन्हें तोड़ते और बच्चों को स्कूल जाने से रोकते थे। विगत 20 वर्षों में नक्सलियों ने 200 से अधिक स्कूल भवनों को क्षतिग्रस्त किया। अब बस्तर संभाग में करीब साढ़े तीन सौ बंद पड़े स्कूलों को दोबारा शुरू किया गया है।

### नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता
(दिसंबर 2023 से अब तक)

| | |
|---|---|
| न्यूट्रलाइज किए गए नक्सली | 436 |
| गिरफ्तार | 1457 |
| आत्मसमर्पण | 1432 |
| जप्ती माइंस | 673 |
| जप्ती हथियार | 555 |
| स्थापित कैंप | 64 |

### बारूदी सुरंगें बिछाकर फैलाई तबाही

विकास के विरोधी रहे नक्सली नहीं चाहते कि बस्तर में किसी भी तरह का अधोसंरचना विकास हो, इसलिए वह विस्फोटकों का सहारा लेकर पुल- पुलिया, सड़कों और सड़क निर्माण में लगे वाहनों- मशीनरी को तबाह करते। इसके साथ ही बस्तर में जगह-जगह बारूदी सुरंगें बिछाकर मानवता को भी तबाह करने की कोशिश की। उनके बिछाए बारूदी सुरंगों की चपेट में आने से सुरक्षा बलों के जवानों सहित कई निर्दोष ग्रामीणों व बेजुबान मवेशियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी। इन बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय कर नष्ट करना बड़े-बड़े चुनौती भी रही। इस प्रक्रम में बड़ी कुर्बानी भी हमारे पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों को देनी पड़ी है। वर्ष 2003 से अब तक आईईडी के चपेट में आने से कुल 147 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 306 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। वहीं अब तक कुल 4,173 लैंड माइंस रिकवर की गई हैं।

### नक्सल घटनाओं में हुई क्षति

| | (वर्ष 2003 से दिसंबर 2023 तक) | (दिसंबर 2023 से अब तक) |
|---|---|---|
| नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ | 3,458 | 209 |
| शहीद जवानों की संख्या | 1,473 | 44 |
| नक्सल घटना में मारे गए सिविलियन | 1,941 | 89 |
| घायल सिविलियन की संख्या | 759 | 24 |
| आईईडी के कारण मारे गए लोगों की संख्या | 135 | 12 |
| आईईडी के कारण घायल लोगों की संख्या | 287 | 19 |
| आगजनी की घटना | 767 | 20 |
| सड़क निर्माण में लगे पोकलेन जलाए | 149 | |
| सड़क निर्माण मे लगे वाहन जलाए | 2,057 | 27 |
| पुल-पुलिया तोड़े | 220 | 8 |
| स्कूल, अस्पताल व अन्य शासकीय भवन तोड़े | 208 | |
| मोबाईल टावर उड़ाए | 34 | 11 |

सुशासन से समृद्धि की ओर...

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

### बस्तर के इतिहास में लाल रंग में दर्ज हैं यह तारीखें

**28 फरवरी 2006 — दरभागुड़ा, जिला- सुकमा**
ग्राम दोरनापाल में आयोजित सलवा जुडूम जन जागरण अभियान से 4 ट्रकों में कोंटा के ग्रामीण अपने अपने गांव वापस हो रहे थे, कि एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम दरभागुड़ा के समीप नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट किया गया, जिसमें 28 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में अन्य 27 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए थे। 3 ट्रकों को आग के हवाले कर दिया गया था।

**24 मार्च 2006 — संगम, जिला- सुकमा**
थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम संगम में साप्ताहिक बाजार से ग्रामीण बाजार कर जीप से पखांजूर लौट रहे थे। इसी दौरान घोडागांव एवं संगम गांव के मध्य नक्सलियों द्वारा बम विस्फोट कर जीप को उड़ा दिया गया। इस घटना में 13 ग्रामीणों की मौत हो गई और 4 ग्रामीण घायल हुए थे।

**25 अप्रैल 2006 — मनीकोंटा, जिला- सुकमा**
थाना दोरनापाल के राहत शिविर में रह रहे ग्राम मनीकोंटा के 50-60 ग्रामीण सामान लेकर वापस आ रहे थे, कि नक्सली उन्हें अगुआ कर पकड़ ले गए। नक्सलियों ने इनमें से 15 ग्रामीणों की हत्या कर दी थी।

**16 जुलाई 2006 — एर्राबोर, जिला- सुकमा**
थाना एर्राबोर राहत शिविर कैंप में अज्ञात लगभग डेढ़ हजार नक्सली व संघम सदस्यों द्वारा गोलीबारी के साथ हमला कर दिया। नक्सलियों द्वारा 220 घरों को आग के हवाले कर दिया था, जिससे राहत शिविर में रह रहे 6 एसपीओ, 1 स्वास्थ्य कार्यकर्ता व 17 ग्रामीण मारे गए थे। इनके अलावा 47 अपहृत ग्रामीणों में से 6 की हत्या कर दी गई और 20 घायल ग्रामीणों में से 3 ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**15 मार्च 2007 — रानीबोदली, जिला- बीजापुर**
नेशनल पार्क दलम के नक्सली कमाण्डर व करीब 500 अन्य नक्सलियों ने हथियार लूटने की नीयत से रानीबोदरी में सुरक्षा बलों के कैम्प पर सशस्त्र हमला किया। स्वचलित अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोली-बारी की गई, जिससे कैम्प तबाह हो गया और वहां तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 9वीं वाहिनी सी कम्पनी कैम्प के 55 जवान शहीद हो गए थे।

**16 मई 2010 — चिंगावरम, जिला- सुकमा**
सुकमा से जिला पुलिस बल एवं एसपीओ की संयुक्त पुलिस पार्टी गादीरास थाना क्षेत्र में भूसारास से सुकमा की ओर लौट रही थी। इसी दौरान चिंगावरम के पास नक्सलियों द्वारा उस बस को निशाना बनाया गया जिसमें पुलिस जवान सवार थे। घटना में 11 आरक्षक, 1 एसएसबी वेटनरी फिल्ड असिस्टेंट व 4 एसपीओ शहीद हो गए थे। इस घटना में 15 निर्दोष ग्रामीण भी मारे गए।

**6 अप्रैल 2010 — ताड़मेटला, जिला- सुकमा**
चिंतलनार में तैनात 62 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के बी कंपनी द्वारा एरिया डॉमिनेशन व नक्सली गश्त सर्चिंग अभियान के दौरान ताड़मेटला पहाड़ी जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। फोर्स की सहायता हेतु चित्तलनार कैम्प से अन्य पार्टी रवाना हुई थी, कि रास्ते में ही नक्सलियों द्वारा फायरिंग शुरू कर दी और बुलेट प्रुफ वाहन को विस्फोट कर क्षतिगस्त कर दिया। उक्त घटना में सीआरपीएफ के 75 जवान व जिला पुलिस बल के 1 प्रधान आरक्षक शहीद हुए थे।

**29 जून 2010 — राकस नाला, जिला- नारायणपुर**
कैम्प थौड़ाई से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पार्टी रोड ओपनिंग हेतु ग्राम झारा की ओर से वापस आ रही थी। इसी समय राकस नाला के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने हथियार लूटने की नियत से अंधाधुन्ध फायरिंग की। पुलिस पार्टी द्वारा भी तत्काल पोजिशन लेते हुए फायर का जवाब दिया गया। इस घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 27 जवान शहीद हो गए थे।

**9 जुलाई 2007 — रेगड़गट्टा, जिला- सुकमा**
थाना एर्राबोर से जिला बल, सीआरपीएफ एवं एसपीओ के साथ दो पार्टी नक्सली गश्त- सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी कि, एरांचोर से लगभग 12-15 किलोमीटर दूरी पर उत्पलमेटा पहाड़ी के पास नक्सली व पुलिस पार्टी के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान जिला बल के 2 जवान, 6 एसपीओ व सीआरपीएफ के 15 कुल 23 जवान शहीद हुए और 2 सीआरपीएफ जवान व 5 एसपीओ घायल हुए।

**24 अप्रैल 2017 — चिंतागुफा, जिला- सुकमा**
बुरकापाल कैम्प से सीआरपीएफ के 71 जवान और जिला बल का 1 जवान संयुक्त बल रोड निर्माण पार्टी की सुरक्षा हेतु चिंतागुफा की ओर रवाना हुए थे। इसी बीच करीब 200-250 हथियार बंद नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई, लेकिन दुर्भाग्यवश घटना में सीआरपीएफ 74 वाहिनी के 25 जवान शहीद हो गए। इस घटना में नक्सली बड़ी तादाद में सुरक्षा बलों के हथियार भी लूट कर ले गए थे।

संवाद-44369/47

## पहला कॉलम...

### विधानसभा अध्यक्ष ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद संतोष पाण्डेय ने भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, दिनेश गांधी, सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सर्वेश्वरदास स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर, बच्चों को दिया गया कानून व नशामुक्ति का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। आज पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक स्कूल में जिला सेवा विधि प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों को पोस्को एक्ट, नशा मुक्ति और बाल श्रम के दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसएमडीसी के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला सेवा विधि प्राधिकरण के डिप्टी चीफ प्रवीण मलजी ने बच्चों को कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सरल भाषा में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यालय के प्राचार्य पंकज शुक्ला, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को जागरूक करने की इस पहल की सराहना की।

### आज नि:शुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन समारोह



राजनांदगांव (दावा)। संस्कृत भारती राजनांदगांव के तत्वावधान में दस दिवसीय निःशुल्क संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन गांधी सभागृह, म्यूनिसपल स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में दिनांक 29 जून समय 3.00 बजे होगा संस्कृत भारती की जिला मंत्री डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा, शिक्षण प्रमुखा सुश्री नीलम श्रीवास्तव व नगराध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस शिविर में सॉफ्वेयर इंजीनियर, विभिन्न विषयों के शिक्षक, विद्यालय-महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं, गृहिणीयां इत्यादि लगभग 60 से अधिक लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर संस्कृत बोलना सीखा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे। संस्कृत सम्भाषण शिविर के इस कार्यक्रम में प्रस्तुतियों जैसे नृत्य, गायन, नृत्यनाटिका, श्लोक वाचन, वस्तु प्रदर्शिनी, मंच संचालन इत्यादी सब कुछ संस्कृत में होगा। सभी नगरवासियों से अनुरोध है कि इस तरह के अनूठे कार्यक्रम में जरूर पधारें।

# राशन दुकानों में चांवल खत्म, खाद्यान्न के लिए भटक रहे हितग्राही

राजनांदगांव (दावा)। खाद्य विभाग द्वारा राशन दुकानों में पारदर्शिता लाने के लिए ई-पास मशीन बांटे जाने के बाद भी हितग्राहियों की परेशानी कम होती नहीं दिख रही है। हितग्राहियों को राशन दुकान में राशन लेने के समय राशन दुकान संचालकों द्वारा उनसे छह-छह बार ओटीपी चेक करवाने या अंगूठा लगवाने जैसी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। एक तो पहले की मशीन में सर्वर डाउन की समस्या से परेशान थे। अब उक्त ई- पास मशीन में भी यही समस्या दिखाई पड़ने लगी है। सर्वर की रोना से ई- पास मशीनें भी रुक जा रही। इस नई मशीन का नहीं चलने से हितग्राहियों के लिए सिर दर्द साबित हो रहा है। वहीं दूसरा सिर दर्दी राशन दुकान जाने के बाद वहां खाद्यान्न नहीं होने से खाली हाथ लौटना भी है।

### तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ उपलब्ध कराना चुनौती

बता दें कि जिले में कुल 496 राशन दुकाने संचालित है। राजनांदगांव क्षेत्र में 55 राशन दुकानें चल रही है। इन राशन दुकानों में जून के महिने मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत हितग्राहियों को एक साथ जून, जुलाई व अगस्त महीने का खाद्यान्न दिया जा रहा है। एक साथ तीन महीनों का खाद्यान्न दिए जाने से राशन दुकानों में हितग्राहियों की भीड़ है। इतनी संख्या में हितग्राहियों को ई-पाश मशीनें के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराना राशन दुकान संचालकों के लिए एक चुनौती हो गई है। वह भी ई-पाश मशीनें के सर्वर डाउन होने से बंद होने या धीरे-धीरे चलने, चालू हो गया तो हितग्राहियों से छह-छह बार ओटीपी चेकिंग करवाने या अंगूठा लगवाने में ही सारा समय गुजर जा रहा है। इससे राशन दुकानदारों के साथ-साथ हितग्राहियों की भी परेशानी बढ़ी हुई है। यही वजह है कि राशन दुकानों में हितग्राहियों की भीड़ दिखाई पड़ रही है। अब दूसरी परेशानी राशन दुकानों में खाद्यान्न नहीं होने को



छह-छह बार ओटीपी चेकिंग व अंगूठा लगाना, हितग्राहियों के लिए बनी परेशानी

लेकर पैदा हो रही है। लखोली निवासी इमरान ने बताया कि उनके वार्ड में तीन राशन दुकानें संचालित है लेकिन तीनों में ही खाद्यान्न नहीं है। इससे हितग्राहियों को राशन लेने दुकान आकर भी वापस जाना पड़ रहा है। राशन के अभाव वाले घरों के हितग्राही राशन दुकानों में खाद्यान्न आने का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें राशन के लिए बार-बार राशन दुकानों के चक्कर काटना पड़ रहा है।

### एक से डेढ़ माह का खाद्यान्न भंडारण

सुत्रों की मानें तो जिले के अधिकांश राशन दुकानों में एक से डेढ़ माह का ही खाद्यान्न भंडारण हो पाया है। ऐसे में हितग्राहियों को पर्याप्त रुप से खाद्यान्न का वितरण नहीं हो पा रहा है। इससे हितग्राहियों को खासी परेशानियां उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि जिले में प्रतिमाह 70 हजार क्विंटल से अधिक चांवल वितरण होता है। इस माह जून से जुलाई एवं अगस्त माह का एक साथ खाद्यान्न दिए जाने राशन दुकानों में वितरण में थोड़ी व्यतिक्रम उपस्थित हो रहा है। इसमें ट्रांसपोर्टिंग की भी समस्या आ रही है। इसके चलते रानी दुकानों में भंडारण कम हो रहा है। यही वजह है कि हितग्राहियों को राशन दुकानों के चक्कर काटने पड़ रहे है।

### ई-पाश मशीनों से भी परेशानी बढ़ी

बताते चलें कि राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए तथा सर्वर आदि समस्या से निजात पाने के लिए ई-पाश नामक नई मशीन की व्यवस्था दी गई है। लेकिन उक्त मशीन से समस्या में और भी इजाफा हो गया है। एक तो जो काम 10-15 मिनट में हो जाता था ई- पाश मशीन आने से वह आधा घंटे का हो गया है। इसमें हितग्राहियों को छह-छह बार ओटीपी मिलान या अंगूठा मिलान में समय लग जा रहा है। खुदा न खास्ता अंगूठे का मिलान नहीं हो पाया तो हितग्राहियों को खाद्यान्न से वंचित होना पड़ रहा है। राशन दुकान संचालक भी इसे एक तरह की परेशानी मान रहे हैं। राशन दुकान संचालकों का ज्यादा समय हितग्राहियों के अंगूठा मिलान व हितग्राहियों का छह-छह बार ओटीपी चेकिंग व अंगूठा मिलान में जा रहा है।

लखोली के राशन दुकान संचालक ने बताया कि बीपीएल वालों का लगभग पूरा खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। एपीएल वाले बचे हुए हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो खाद्य विभाग द्वारा जिस तरह मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत राशन दुकानों में हितग्राहियों को एक साथ तीन महीने का खाद्यान्न दिए जाने की योजना बनाई गई है लेकिन राशन दुकानों में उक्त हिसाब से भंडारण नहीं होने व खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-पाश मशीन का उपयोग किया जाना भी हितग्राहियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

## सांसद संतोष पाडेय और नीलू शर्मा ने रॉयल किड्स के छात्र मयंक साहू को दी बधाईयां





राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के छात्र मयंक साहू ने नीट परीक्षा में 1279वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडेय और नीलू शर्मा ने मयंक को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नीट के राजनांदगाँव जिला टॉपर मयंक की इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गर्व महसूस हो रहा है। हमें उम्मीद है कि मयंक आगे भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करेंगे और अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करेंगे।

श्री शर्मा ने रॉयल किड्स स्कूल को बधाईयाँ देते हुए कहा कि रॉयल किड्स कान्वेंट में पढ़ा यह तीसरा छात्र है जिसने नीट में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर टॉप किया है। उन्होंने स्कूल को आगे भी उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. सविता जे.बी. सिंह, अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, अभिषेक खंडेलवाल, आई.के. वैष्णव, गोपाल साहू और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सांसद ने छात्र, उनके परिवार, शिक्षकों और स्कूल परिवार को बधाई दी और सभी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नीट के राजनांदगाँव जिला टॉपर मयंक की इस सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गर्व महसूस हो रहा है। हमें उम्मीद है कि मयंक आगे भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करेंगे और अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करेंगे।

## मोतीपुर से सुकुलदैहान, मोहारा पहुंच मार्ग बदहाल, आमजन का चलना मुश्किल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मोतीपुर से सुकुलदैहान होते हुए मुड़िया मोहारा तक पहुंचने वाली सड़क एकदम से जर्जर हो गई है। बारिश के दिनों में तो यह और भी बदहाल हो जाती है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को उक्त संबंध में पत्र लिखकर मांग की गई है कि उक्त सड़क का जल्द से जल्द उद्धार की जाए।

उप मुख्यमंत्री को बताया गया है कि जनपद पंचा. डोंगरगढ़ के ग्राम पंचा. मोहारा और राजनांदगांव जनपद पंचा. के ग्राम पंचायत सुकुलदैहान तक लोनिवि विभाग का सड़क अनेक बार मरम्मत और पुनः निर्माण हो चुका है किंतु विडम्बना है की सड़क बार-बार उखड़ कर डामर छोड़ने के साथ-साथ बड़े-बडे गड्ढे हो गया है, इस 15 किलोमीटर के मार्ग में बसंतपुर, सलटिकरी, रूवातला, कसारी ग्राम पड़ता है जिससे प्रतिदिन हजारों आमजन आवागमन करते हैं ग्रामीण जनों ने मार्ग निर्माण और मरम्मत हेतु

**उपमुख्यमंत्री अरुण साव को लिखा पत्र, सड़क निर्माण की मांग**

आवेदन विधायक, सांसद को अवगत करा चुके हैं।

इस संबंध में सांसद के द्वारा जारी पत्र क्र. 1297 दिनांक 17 मई के माध्यम से अरुण साव उपमुख्यमंत्री एवं लोनिवि वि. छ.ग.शासन, रायपुर को वर्ष 2024-25 में चौड़ीकरण मजबूतीकरण कार्य शामिल था वर्ष 2025-26 के बजट में मद क्र. 4135 मांग संख्या 24/5054-2446 के तहत 330.00 लाख प्रावधान अंकित है और प्रचलित दर अनुसार दिनांक 01-01-2015 को लोनिवि विभाग ने 3141.63 लाख का प्राक्कलन प्रस्तुत, अनुमोदन हेतु सांसद ने लोनिवि मंत्री से स्वीकृति की मांग की। लेकिन आज तक स्वीकृति नही मिली है। ग्रामवासियों ने उप-मुख्यमंत्री से इस दिशा में तत्काल ध्यान देते हुए राजनांदगांव मोतीपुर से सुकुलदैहान होते हुए मुड़िया मोहारा तक पहुंचने वाली सड़क को बनवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित कर ग्रामवासियों को समस्या निजात दिलाई जाए।

## ग्राम सीताकसा में स्वच्छता तिहार का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा में स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया। स्वच्छता तिहार कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने अभियान चलाकर ग्राम के चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया तथा ग्रामीणों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। कार्यक्रम में ग्रामीणों से गांव को सदैव स्वच्छ सुन्दर बनाए रखने, गिला एवं सुखा कचरा के सुरक्षित निपटान, घर का कचरा दीदियों को सम्मानजनक व्यवहार से देने, प्रतिमाह समय पर स्वच्छता शुल्क देने की अपील की गई। साथ ही भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छ सर्वेक्षण-ग्रामीण 2025 अंतर्गत मोबाइल के माध्यम से सर्वे के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान जल सरंक्षण एवं भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए जनसमुदाय के सहयोग से नाला में तीन जगह बोरी बंधान भी किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य हरिला कौशल चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत के सरपंच, स्वच्छ भारत मिशन से गिरधारी सुधाकर, तकनीकी सहायक तुमेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, यूनिसेफ की टीम, पंचायत सचिव, स्वच्छता दीदी, बिहान केडर की दीदीयां एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉवेंट के निदेशक संजय बहादुर सिंह ने छात्र मयंक साहू को नीट में डिस्ट्रिक्ट टाप करने पर बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शाला परिवार ने मयंक को आशीर्वाद दिया है।

## गायत्री विद्यापीठ में श्री जगन्नाथ यात्रा का भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी गायत्री विद्यापीठ में शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थी एवं शिक्षकों का दल उपस्थित था। आयोजन में सर्वप्रथम भगवान श्री जगन्नाथ की पूजा आरती के साथ रथयात्रा निकाली गई, जिसमें नन्हें विद्यार्थी श्री जगन्नाथ, श्री बलराम और माता सुभद्रा की सुन्दर वेशभूषा धारण कर शोभायमान प्रतीत हो रहे थे। इसमें शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा एवं रथयात्रा क्यों आदि की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही भगवान श्री जगन्नाथ के जयकारे से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा, नन्हें विद्यार्थियों ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में भगवान श्री जगन्नाथ का प्रिय भोग लगाकर विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।

शाला की व्याख्याता एवं मीडिया प्रभारी श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा बच्चों को रथ यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। बच्चों ने सभी गुरूजनों के चरण छूकर आशीर्वाद लिए। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी श्रीमती सोनल रायचा एवं उनकी टीम द्वारा की गई। आयोजन का सम्पूर्ण वीडियोग्राफी शाला के व्याख्याता आशीष सोनवानी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सूर्यकान्त चितलांग्या, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, स्कूल प्रशासक अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टुटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया राजीव नगर पार्षद कार्यालय का उद्घाटन



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा शुक्रवार को राजीव नगर में वार्ड पार्षद अमृता मोहन सिन्हा के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि पार्षद कार्यालय खुलने से वार्ड के रहवासियों को काफी सहूलियत मिलेगी वे समयानुसार पार्षद कार्यालय में पहुँचकर अपनी बातें रख सकते है। अमृता मोहन सिन्हा ने कहा कि राजीव नगर वार्ड में पहली बार पार्षद कार्यालय खुला है, इससे पहले किसी भी पार्षद ने यहां कार्यालय नहीं खोला था। ऐसे में लोगों को अपना कार्य करवाने के लिए पार्षद के पीछे भटकना पड़ता था। अब कार्यालय खुलने से आमजन को काफी लाभ मिलेगा। हमारा यही प्रयास है कि वार्ड के लोगों बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ भी निश्चित रूप से मिले। कार्यालय उद्घाटन के दौरान मंडल अध्यक्ष गोलु गुप्ता, भाजपा सदस्य मोहन सिन्हा, वार्ड पार्षद 46 शेखर यादव, इंदिरा नगर सतीष साहू, कुआं चौक केवरा विजय राय, चौखड़िया पारा रवि सिन्हा, नरेश सारथी, मना मरकाम, मोहित देवांगन, कीर्ति साहू, महेश सिन्हा, चेतन यादव, बबला आहूजा, कीर्ति यादव, बेला मरकाम, गिरजा साहू, रानी सिन्हा, सुनीता सिन्हा सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

349-6 590-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th June to 03rd July 2025




Maa - 12:00, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Kannappa - 03:00pm & 09:15pm
Sitaare Zameen Par - 12:30, 03:15, 06:15, 06:30 and 09:00 pm
HOUSEFULL 5 A - 12:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
महिलाओं की खास फरमाईश पर टिकिट दर पर भारी छूट
बालकनी - 100 रूपए
रिजर्व - 50, महिला- 50 रूपए
सिर्फ सुहाग फिल्म के लिए
सुपरहीट, सुपरहीट, सुपरहीट
सुहाग




कला : अनुज शर्मा, अनकृति चौहान,
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

कार्यालय : ग्राम पंचायत, सुरगी
विकासखण्ड व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) 491441
Email : gpsurgi1984@gmail.com
क्रमांक......... दिनांक 27/06/2025
-: बाजार नीलामी सूचना :-
ग्राम पंचायत सुरगी विकासखंड व जिला-राजनांदगांव में दिनांक 01/07/2025 स्थान - पंचायत भवन, समय दोपहर 12 बजे बाजार नीलाम किया जायेगा। संबंधित सभी जानकारी व शर्ते जनपद पंचायत भवन राजनांदगांव में चस्पा किया गया है।
सचिव, ग्राम पंचायत, सुरगी, विकासखण्ड राजनांदगांव (छ.ग.)
सरपंच, ग्राम पंचायत, सुरगी, विकासखण्ड राजनांदगांव (छ.ग.)

स्थानांतरण सूचना
काजल इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स जयस्तंभ चौक से दिल्ली दरवाजा नगर निगम काम्प्लेक्स में स्थानांतरित हो गई है।
ललित-परेश (विक्की) रायचा मो.- 7000724699

# विधानसभा अध्यक्ष ने 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

## मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर का किया शुभारंभ





**डोंगरगढ़ (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी प्रांगण में 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में सीटी स्केन, डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज डोंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य के लिए 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्य किया गया है। इससे क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वायशेप ओवरब्रिज के निर्माण से नागरिकों को बहुत सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र का विकास कर पूरा देश विकास की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। भारत 2 से 3 वर्ष में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छग में 21 क्विंटल धान की खरीदी, दो वर्ष का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने डोंगरगढ़ क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के ईलाज के लिए आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर की शुरूआत की है। इससे ईलाज के लिए अब रायपुर और राजनांदगांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सेवा एवं पुनीत का कार्य है। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। धर्मार्थ चिकित्सालय में आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू करना बहुत अच्छा कार्य किया है। इससे आस-पास के क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में चिकित्सा सुविधा मिल जाएगी।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू होने से क्षेत्रवासियों को सस्ते दर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ा कार्य ट्रस्ट ने किया है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार मोदी एक-एक गारंटी को पूरा करने का कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक शहर सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बने इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निकायों को बराबर रूप से विकास के लिए राशि का वितरण कर रही है। लोक निर्माण विभाग सड़कों, भवनों का निर्माण तेज गति से कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रसाद योजना के तहत श्रीयंत्र के साथ डोंगरगढ़ में विभिन्न विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 किलो मीटर के भीतर अमृत स्टेशन का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री साय की सरकार राज्य में विकास के कार्य तेज गति से कर रही है। उन्होंने कहा कि आज वायशेप पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन एवं अन्य विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है। इसके लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, दिनेश गांधी, सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी, समाज प्रमुख, नगरवासी उपस्थित थे।

### विभिन्न विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन एवं लोकार्पण

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 29 करोड़ 51 लाख 67 हजार रूपए के लागत के 5 विकास कार्य का भूमिपूजन एवं 9 करोड़ 71 लाख 44 हजार रूपए की लागत के 3 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। भूमिपूजन कार्य अंतर्गत 21 करोड़ 25 लाख 83 हजार रूपए के लागत से डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग में पुराना कालेज लाल निवास पुल से नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर के सामने पुराना क्रासिंग तक वायशेप में पुल निर्माण, 2 करोड़ 72 लाख रूपए के लागत से डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू पीजी महाविद्यालय में कन्या छात्रावास का निर्माण, 75 लाख 23 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर में शासकीय हाईस्कूल कन्या भवन का निर्माण कार्य, 71 लाख 12 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर में तहसील भवन का निर्माण एवं 4 करोड़ 7 लाख 49 हजार रूपए के लागत से छीपा से बड़े कुसमी मार्ग पुल-पुलिया सहित लंबाई 1.50 किलोमीटर कार्य शामिल है। इसी तरह लोकार्पण कार्य अंतर्गत 5 करोड़ 57 लाख 68 हजार रूपए के लागत से गाजमर्रा-राजकट्टा हेलीपेड मार्ग निर्माण पुल-पुलिया सहित लंबाई 3.80 किलोमीटर, 2 करोड़ 92 लाख 60 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर से नारायणगढ़ मार्ग पुल-पुलिया सहित लम्बाई 2.80 किलोमीटर, 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपए के लागत से लाल बहादुर नगर में बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण भू-तल कार्य शामिल है।

# सीएम का बड़ा ऐलान : छत्तीसगढ़ में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता, 100 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी आधुनिक एजुकेशन सिटी





रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में बिलासपुर शहर को एक आधुनिक एजुकेशनल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशानिर्देश पर बिलासपुर में एजुकेशनल सिटी की अवधारणा विकसित की गई है। इस परियोजना के लिए बिलासपुर नगर पालिक निगम की लगभग 13 एकड़ भूमि का उपयोग प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बिलासपुर एजुकेशनल सिटी में नालंदा परिसर की स्थापना की जाएगी। जहां 500 छात्र-छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें कुल 48 हॉल सेटअप (1 सेटअप में 1 हॉल, 2 कक्ष और 1 टॉयलेट) तैयार किए जाएंगे। इस व्यवस्था में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी। छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए 700 सीटों वाले आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा। वहीं बाहर से आने वाले लगभग 1000 विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल फैसिलिटी भी निर्मित की जाएगी। खेलकूद और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एजुकेशनल सिटी में एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान तथा सुंदर गार्डन भी विकसित किए जाएंगे। साथ ही वाहनों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था होगी, ताकि आने-जाने में कोई असुविधा न हो। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की अनुमानित लागत करीब 100 करोड़ रुपये होगी और इसके निर्माण कार्य की कार्य योजना नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा तैयार कर ली गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। जिससे बिलासपुर एजुकेशनल सिटी प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के पश्चात बिलासपुर शहर ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। बिलासपुर में एसईसीएल का मुख्यालय और रेलवे का डीआरएम कार्यालय भी स्थित है, जिससे यह शहर न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। यहां एक केंद्रीय विश्वविद्यालय, दो विश्वविद्यालय, आठ महाविद्यालय, लोक सेवा आयोग, व्यापम और आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले करीब 100 से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे हैं। जिनमें प्रदेश के 50,000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान देती है। हमारी यह अटल प्रतिबद्धता है कि प्रदेश का प्रत्येक विद्यार्थी आधुनिक संसाधनों, उन्नत अधोसंरचना और प्रेरक वातावरण में अपनी क्षमताओं को संवार सके और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सके। बिलासपुर एजुकेशन सिटी का निर्माण इसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह न सिर्फ बिलासपुर को छत्तीसगढ़ का एजुकेशनल हब बनाएगा, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं को उच्चस्तरीय सुविधाओं में अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर देगा। नालंदा परिसर, बहुमंजिला कोचिंग भवन, डिजिटल और फिजिकल लाइब्रेरी, हॉस्टल, ऑडिटोरियम, खेल मैदान और ग्रीन जोन- ये सभी सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित होगी। मुझे विश्वास है कि यह परियोजना आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और हमारे युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगी।

# राजनांदगांव-डोंगरगांव स्टेट हाइवे का बेतरतीब ब्रेकर बन रहा मौत का कारण



डोंगरगांव (दावा)। राजनांदगांव से डोंगरगांव के बीच स्टेट हाईवे के रोड में जगह-जगह बेतरतीब ब्रेकर बनाए गए हैं, जो राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। अक्सर इन ब्रेकरों के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और यह घटनाएं लगातार बढ़ रही है। अमानक रूप से बने ब्रेकर के चलते एक्सीडेंट में इजाफा हुआ है और कई राहगीरों की सड़क दुर्घटना में जान चली गई है।

बता दें कि राजनांदगांव से रामपुर के बीच तीन स्टेप का ब्रेकर इस प्रकार सुकरी के पास दोनों साइड अमानक ब्रेकर, इसी प्रकार ग्राम अर्जुनी के शुरुआत से लेकर अंत तक 5 से 6 नग 3 स्टेप के ब्रेकर बनाए गए हैं, जो राहगीरों के लिए काल साबित हो रहा है। इसी प्रकार सबसे ज्यादा खतरा और सबसे गंदे तरीके से बनाया का ब्रेकर एबीस फैक्ट्री के सामने है, जिसकी संख्या पांच है। इस ब्रेकर को बनाने में ना तो राहगीरों का ध्यान रखा गया है और ना ही वाहनों का। सबसे अधिक दुर्घटनाएं इसी स्थान पर होती हैं। क्योंकि अमानक ब्रेकर और काफी ऊंचाई में बना यह ब्रेकर लोगों के जान का दुश्मन बन गया है। इस मामलों को कई बार उठाया गया है, लेकिन संबंधित विभाग के द्वारा सुधार आज तक नहीं किया गया है। हाल ही में करीब 1 महीने के भीतरी कई एक्सीडेंट हुए है। जिसमें दो की जान चली गई है। इससे पहले भी अनेक राहगीर सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा बैठे हैं। इसके अलावा वाहनों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों को आर्थिक और समय की मार झेलनी पड़ रही है। इधर इमरजेंसी में भी एंबुलेंस मरीज को समय में अस्पताल नहीं पहुंचा सकती। वहीं अतिआवश्यक कार्रवाई हो तो भी पुलिस का पहुंचना इन ब्रेकरों ने थाम रखा है। ऐसा नहीं है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस रोड पर नहीं चलते है। वहीं जिले के कलेक्टर सहित सांसद से लेकर छोटे-बड़े सभी नेता इस स्टेट हाईवे का उपयोग करते हैं, लेकिन कोई भी इस गंभीर मामले को सुलझाना नहीं चाहता है, जो समझ से परे है।

# एक जुलाई से रेल यात्रा महंगी, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड सहित के नियम बदलेंगे



नई दिल्ली। 30 जून 2025 तक आधा साल पूर्ण हो जाएगा। प्रत्येक माह की तारीख को अनेक नियमों में बदलाव होता है। जिसका सीधा असर लोगों की जेबों पर पड़ता है। ऐसी स्थिति में आने वाली पहली जुलाई से कौन-कौन से नियम लागू होने जा रहे हैं, यह जानना अति महत्वपूर्ण है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली जुलाई से रेल्वे के नियमों, पेन-आधार कार्ड संबंधित नियम, ए.टी.एम. और क्रेडिट कार्ड सहित के अनेक नियमों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। इन नियमों के बाबत जान लेंगे तो यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। एक नजर बदल रहे नियमों पर डाले। पहली जुलाई से रेलवे टिकिट के किराए में बढ़ौतरी होगी। यद्यपि, यह किराए में वृद्धि नगण्य होगी। रेलवे के द्वारा टिकट की कीमत में आधे पैसे से लेकर दो पैसा किलोमीटर की वृद्धि की गई है। इसके अलावा, पहली जुलाई से आधार वेरीफाईड यूर्जस ही तत्काल टिकट बुक करा सकेंगे। पहली जुलाई से पैन कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्यतः रखा गया है। पैन कार्ड बनाने के लिए व्यक्ति के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है। इसी के साथ पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर 2025 तय की गई है।

पहली एच.डी.एफ.सी. क्रेडिट कार्ड संबंधित नियम में भी परिवर्तन किया जाएगा। बदलाव के नए नियम के अनुसार अब एच.डी.एफ.सी. क्रेडिट कार्ड का पेमेंट थर्ड पार्टी से करने वाले लोगों को एक प्रतिशत का चार्ज का भुगतान करना पड़ेगा। आने वाले महिने से आईसीआईसीआई बैंक के ए.टी.एम. कार्ड से संबंधित नियम में भी परिवर्तन किया जाएगा। अब ग्राहकों को बैंक के एटीएम कार्ड का उपयोग करना थोड़ा महंगा पड़ेगा। नए नियम के अनुसार लिमिट से अधिक कैश उठाने पर रूपए का चार्ज चुकाना पड़ेगा। जबकि, फ्री एटीएम में फ्री ट्रांजेक्शन की सीमा पांच ट्रांजेक्शन की गई है। जबकि, मेट्रो सिटी में उसकी सीमा तीन ट्रांजेक्शन की रहेगी।

# न्यू लुक बायोफ्यूल्स ने बांटी लाखों की रिश्वत, तथाकथित वायरल आडियो की जांच होनी चाहिए - जितेंद्र मुदलियार



**आरोप- डॉ. रमन की विधानसभा में हर संदिग्ध मामले में भाजपा की भागीदारी सामने आ रही**

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी क्षेत्र में ग्राम फुलझर में स्थापित न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी के मैनेजर प्रदीप मिश्रा और भाजपा नेत्री कनक दुबे के तथाकथित वायरल आडियो पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने आईजी अभिषेक शांडिल्य को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि, यह कंपनी प्रबंधन द्वारा लाखों की रिश्वत दिए जाने का मामला प्रतीत हो रहा है जिसमें कई लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष, निलंबित निरीक्षक व इस प्रकरण में संदिग्ध के तौर पर सामने आए लोगों के खिलाफ एफआईआर की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फुलझर स्थित उक्त कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य जलाशय से फैक्ट्री तक कराया गया है, जो लगभग 5 किलोमीटर लंबा है। इस पाइप लाइन की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि संबंधित अनुमति और प्रक्रिया की जांच आवश्यक है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि सत्तापक्ष की नेत्री की भूमिका की भी जांच की जाए, जिनकी बातचीत का तथाकथित ऑडियो वायरल हुआ है और उसमें अवैध कार्यों को लेकर रिश्वत की चर्चा की गई है।

मुदलियार ने कहा कि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र में मोहड़ गोलीकांड हो या फुलझर में न्यू लुक बायोफ्यूल्स का रिश्वत कांड दोनों ही मामलों में पुलिस प्रशासन और भाजपा नेताओं की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आ रही है। वे जवाब दें कि क्या यह उनके ही प्रश्रय में हो रहा है और नहीं तो क्यूं वे इन मामलों पर कार्रवाई के मामले में चुप बैठे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि, क्षेत्र में दो बड़े उद्योग की स्थापना हो रही है। जिनमें सैकड़ों बाहरी राज्यों से मजदूरों को लाया जा रहा है। यहां बीते दो महीनों को हत्या की वारदात भी हो चुकी है। इन बाहरी मजदूरों के सत्यापन को लेकर भी सोमनी पुलिस लचर रवैया अपना रही है। जबकि ऐसी वारदातों से स्थानीय लोगों में दहशत है। इस दौरान अशोक पंजवानी, चेतन भानुशाली, अमित कुशवाहा, बिरेंद्र चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, शुभम पांडेय, परस साहू, पूर्व सरपंच शैलेष साहू, हिमालय बांधे, रमेश साहू, लोकू यादव, सोनू साहू, राज खान, शेख आसिफ, राहुल साहू व अन्य लोग उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**हेवी ड्यूटी टर्निंग लेथ की CAMC के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-GSD, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना क्रमांक:** NIT/25/JUNE/31245317C/03 दिनांक: 16.06.2025

**आइटम का विवरण:** हेवी ड्यूटी टर्निंग लेथ की 5 साल की पोस्ट-वॉरंटी CAMC, स्पेयर आदि के साथ। **कुल संख्या:** 01 संख्या

**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 66,27,534/-

**ईएमडी:** ₹ 1,32,550/-

**देय तिथि:** दिनांक **14.07.2025**,

**देय समय:** सुबह **10:30** बजे।

**नोट:** उपर्युक्त निविदा ई-निविदा है और सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि बोलियाँ IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए IREPS वेबसाइट पर जाएँ।

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक-जीएसडी, मोतीबाग, द.पू.म. रेलवे, नागपुर**

FL/11-53

**स्वच्छ भारत अभियान** एक कदम स्वच्छता की ओर


# हेलेन केलर दिवस पर सीआरसी उदयाचल का संयुक्त आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज (एनआईपीआईडी) के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव ने उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से हेलेन केलर दिवस को उत्साहपूर्वक एवं सामुदायिक सहभागिता के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत उदयाचल टीम द्वारा पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। डॉ. पुखराज बाफना, अतुल रायचा, अशोक मोदी, त्रिलोचन बग्गा, श्रीमती सुनीता शुक्ला (सीईओ), डॉ. सार्थक बाफना और डॉ. नम्रता पैक्रो ने डॉ. स्मिता महोबिया (निदेशक, सीआरसी राजनांदगांव) एवं सुश्री चुनमुन मोहंती (प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट) का तिलक और मोती माला से अभिनंदन किया। इसके उपरांत, उपस्थित लाभार्थियों, स्टाफ एवं गणमान्य अतिथियों को हेलेन केलर के जीवन, संघर्ष और प्रेरणादायक कार्यों पर आधारित एक लघु डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। यह वीडियो दिव्यांगजनों के लिए आशा, आत्मबल और समर्पण का संदेश लेकर आया।

डॉ. स्मिता महोबिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में हेलेन केलर दिवस की प्रासंगिकता और सीआरसी राजनांदगांव द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में समुदाय की भूमिका को रेखांकित किया। प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज बाफना ने सीआरसी की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि समाज को दिव्यांगजनों के प्रति अधिक संवेदनशील और सहयोगी बनना चाहिए। सुश्री चुनमुन मोहंती ने पीएमडीके योजना के तहत एडीआईपी और आरवीवाई योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि व्हीलचेयर, ब्रेसेस, श्रवण यंत्र, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड आदि सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाते हैं, जिनके लिए लाभार्थियों को कुछ जरूरी दस्तावेज जमा करने होते हैं। डॉ. सार्थक बाफना और डॉ. नम्रता पैक्रो, नेत्र विशेषज्ञ, ने आंखों की देखभाल, समय पर पहचान और उपचार की आवश्यकता पर उपयोगी जानकारी साझा की।

अशोक मोदी ने दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु स्वास्थ्य संस्थानों की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा-सात चयनित दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण। एलएस ब्रेसेस, घुटना ब्रेसेस, ट्राइपॉड, टेट्रापॉड एवं श्रवण यंत्र सीआरसी राजनांदगांव द्वारा वितरित किए गए, जिससे उनकी दैनिक गतिशीलता और जीवन गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव हुआ। इसके अतिरिक्त, सीआरसी सेवाओं और योजनाओं की जानकारी संबंधी ब्रोशर/पुस्तिकाएं उपस्थित जनसमूह के बीच वितरित की गईं, जिससे अधिक से अधिक लोग इन सरकारी सहायता योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह आयोजन सीआरसी राजनांदगांव एवं उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट की टीमों के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह न केवल हेलन केलर जैसी महान विभूति को श्रद्धांजलि देने का अवसर बना, बल्कि दिव्यांगजनों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समावेशन को बढ़ावा देने का मंच भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता शुक्ला (सीईओ, उदयाचल) द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। जिससे संपूर्ण कार्यक्रम सहज व व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। अंत में, उत्तमचंद जैन, अशोक मोदी द्वारा डॉ. स्मिता महोबिया एवं सुश्री चुनमुन मोहंती को स्मृति चिन्ह व उपहार प्रदान कर उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

# जिले में बढ़ते अपराध पर विधायक प्रतिनिधि का फूटा गुस्सा, बोले - ज़िले को प्रशासन और सरकार नशे की गर्त में ढकेल रही है

छुईखदान (दावा)। छुईखदान में आयोजित कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने मंच से सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केसीजी जिला आज अपराध का गढ़ बन चुका है। दिनदहाड़े हत्या, लूट, बलात्कार, चोरी और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे हुए हैं।




मनराखन देवांगन ने कहा कि शासन की नाकामी के चलते आम नागरिक खुद को असुरक्षित और ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अवैध शराब का कारोबार चरम सीमा पर है। सरकार जानबूझकर युवाओं को नशे में धकेल रही है ताकि वे शिक्षा से वंचित रहें और सवाल पूछने की ताकत खो बैठें। 25 जून को धरना प्रदर्शन था और एक दिन बाद 26जून को ग्राम खैरबना में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या ने जिले की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय मोहनी साहू के रूप में हुई है, जो दो बच्चों की मां थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला की गर्दन और सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने एक बार फिर जिला पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में अपराध बेलगाम है और प्रशासन बेपरवाह। उन्होंने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए, कहा कि सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल हो चुकी है।

मनराखन देवांगन ने कहा कि खैरागढ़ को सरकार ने अवैध शराब का गढ़ बना दिया है। फल दुकानों में शराब बिक रही है। अतरिया, जालबांधा, पांडादाह, छुईखदान, उदयपुर जैसे गांवों में शराब की गंगा बह रही है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसती जा रही है और सरकार आंख मूंदे बैठी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं को नशे में डुबोने का षड्यंत्र रच रही है, ताकि वे पढ़ाई से दूर हो जाएं, क्योंकि शिक्षा सवाल करती है और शराब इंसान को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर बनाती है। अपने तीखे बयान में उन्होंने कहा कि खैरागढ़ जिला तो बन गया लेकिन विकास नहीं हुआ, सिर्फ अपराध बढ़े हैं। प्रशासन सरकार की मानसिकता के अनुसार ही काम कर रहा है। अब समय आ गया है कि जनता इस साजिश को समझे और आवाज़ बुलंद करें।

## आज खाद संकट को लेकर सेवा सहकारी समिति चारभाटा-मोहनपुर का घेराव

डोंगरगढ़(दावा)। कल 30 जून दिन सोमवार को समय 11 बजे ग्राम चारभाटा मोहनपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में धरना प्रदर्शन क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह के नेतृत्व मे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम प्रभारी चुम्मन साहू के विशेष प्रयास से यह आयोजन हो रहा है।

धरना प्रदर्शन में क्षेत्र के सभी कांग्रेसजन, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पंच, सरपंच, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, जिला कांग्रेस, माहिला कांग्रेस, सेवा दल व क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला युवा अध्यक्ष महेश सेन, सेक्टर प्रभारी रामदास चंद्रवशी, विजय विश्वकर्मा, मदंगोपाल साहू, बेनू वर्मा, उतम सिन्हा, नरेश उइके आदि के द्वारा सभी से सतत संपर्क किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी विधायक प्रतिनिधि व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लाल बहादुर नगर हीरा सोनी ने दी।

# वार्ड पार्षद अमित छाबड़ा ने विधानसभा अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री का किया स्वागत

डोंगरगढ़(दावा)। विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री अरुण साव का वरिष्ठ पार्षद अमित छाबड़ा ने स्वागत कर वार्ड की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।




विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रण मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद श्री छाबड़ा ने कहा कि, वे वार्ड सहित क्षेत्रवासियों की ओर से क्षेत्र के विकास में अहम योगदान दे रहे माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा माँ बम्लेश्वरी की पावन नगरी में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस अस्पताल के उद्घाटन से न केवल डोंगरगढ़ बल्कि आस-पास के ग्रामीण अंचलों को भी सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी। साथ ही, श्री छाबड़ा ने माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति का आभार व्यक्त किया है कि ट्रस्ट ने हमेशा सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। ऐसे उल्लेखनीय कार्यों से डोंगरगढ़ की धार्मिक, सामाजिक एवं विकास की छवि और अधिक सशक्त होती है।

## पहला कॉलम...

### नगर साहू संघ के अतिरिक्त भवन का हुआ भूमिपूजन



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 15 साहू पारा तिराहा चौक पौनी-पसारी के पास मटिया में शनिवार को भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में नगर साहू संघ के अध्यक्ष कौशल साहू, सचिव नारायण साहू, उपाध्यक्ष बिसनाथ साहू, माधव साहू जिला साहू संघ संगठन सचिव, संरक्षक इंदु साहू, ताम्रध्वज साहू, यादव राम साहू, नंदलाल साव, जागेश्वर साहू, घनश्याम साहू, सुगंध साहू, दयालु साहू और नगर साहू संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### ग्राम खामतराई में स्वच्छाग्रही समूह ने जागरूकता लाई




हरदी(दावा)। ग्राम खामतराई में स्वच्छाग्रही समूह की दीदियों की मेहनत से गांवो की तस्वीर बदलने लगी है। अब गलियों में गंदगी नहीं, सफाई नजर आती है। दीदियां सिटी बजाते हुए घर -घर जाकर कचरा इकट्ठा कर रही है। इससे ग्रामीणों में जागरूकता आई है। लोग अपने घरों में प्लास्टिक और अन्य ठोस अपशिष्ट को अलग से जमा करते है। अध्यक्ष हेमबाई साहू, सचिव मीना कश्यप, अन्य सदस्य लुमेश्वरी साहू, देवकी साहू, परमिला साहू, पेमिन साहू, सरस्वती साहू, देवकी साहू, ललिता साहू, दुकली यादव द्वारा घर-घर जाकर स्वच्छता की अलख जगा रही है।

### नीरज विद्या मंदिर की आकर्षक प्रार्थना सभा



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम) मोहड़ में प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना सभा को उद्देश्यपूर्ण बनाया गया है। संस्था के डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी की मंशा के अनुरूप विद्यालय की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में पूरे साल भर के लिए तैयार की गई इस प्रार्थना सभा में ज्ञान के अतिरिक्त धर्म, अध्यात्म, विज्ञान और अन्य जीवनोपयोगी पहलुओं को शामिल किया गया है। विद्यार्थी अपने-अपने धर्म को जाने और समझे इसके लिए विशेष प्रार्थना सभा पर बल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि संस्था में प्रायः सभी धर्मों के मानने वाले विद्यार्थी अध्ययनरत् है। यहाँ होने वाली प्रार्थना सभा में कई धर्मों के प्रार्थना गीतों को सम्मिलित किया गया है। पर्व विशेष और त्योहारों की जानकारी इस दौरान प्रभावी ढंग से दी जाती है। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए विविध विषयों में आकर्षक किंतु संक्षिप्त कार्यक्रम भी इसमें जोड़े गए हैं। महापुरूषों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यार्थी इन महापुरूषों की जानकारियाँ रोचक ढंग से देते है। बच्चों को बचत की दिशा में प्रेरित करने के लिए उनके जन्मदिन पर प्रार्थना सभा में खुबसूरत गुल्लक भेंट स्वरूप शाला प्रबंधन द्वारा दिया जाता है। विद्यार्थियों की शारीरिक चुस्ती और फूर्ती के लिए जुम्बा और पीटी जैसे सरल व्यायाम आदि की भी व्यवस्था प्रार्थना सभा में की गई है। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

### जलस्तर नीचे गिरने से धान का रकबा कम हुआ



डोंगरगढ़/ बेलगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के आयुर्वेद ग्राम बेलगांव सहित आसपास के क्षेत्र में कम बारिश की वजह से खेत में परहा रोपाई का रकबा घट गया है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि, जल स्तर नीचे जाने के कारण बोर से भी पानी निकलना बंद हो गया है। जिन किसानों के ट्यूबवेल में भरपूर पानी है उन किसानों ने रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया हैं।

# दुर्गावती है नारी शौर्यता की प्रतीक - दिलीप कोरेटी

छुरिया (दावा)। गत दिनों 25 जून को आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई बूचाटोला के तत्वावधान में छुरिया विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम बूचाटोला स्थित गोंड़वाना भवन प्रांगण में गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोयतुर गोंड़ समाज के ब्लाक प्रवक्ता दिलीप कोरेटी, अध्यक्षता स्थानीय ग्राम प्रबंधक चंद्रभान दर्रो ने किया। विशेष अतिथि सर्कल उपाध्यक्ष अनिल हारमे, महिला प्रभाग के सर्कल सचिव समेबाई तुलावी, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता सोनसाय कल्लो, इंदरू तुलावी एवं कुमलाल कल्लो रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा अर्जी के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिलीप कोरेटी ने कहा कि रानी दुर्गावती नारी शौर्यता की प्रतीक है। हर भारतीय नारी को रानी दुर्गावती को अपना आदर्श मानकर अन्याय, अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए। आजकल आदिवासी समाज की महिलाओं के साथ ज्यादती बढ़ गई है। पीड़ित आदिवासी महिलाओं को रानी दुर्गावती के पदचिन्हों पर चलकर ज्यादतियों का विरोध करना चाहिए। श्री कोरेटी ने महिलाओं को रानी दुर्गावती की तरह अपने घर-परिवार, समाज एवं सत्ता के संचालन में अग्रणी भूमिका निभाने का आव्हान किया।



बूचाटोला में मना बलिदान दिवस

अध्यक्ष की आसंदी से चंद्रभान दर्रो ने कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज एवं समाज की मूल संस्कृति संक्रमण काल की दौर से गुजर रही है। ऐसे स्थिति में कोयतुर गोंड़ समाज के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने की आवश्यकता है। अलगाववादी विचारधारा के लोग कोयतुर गोंड़ समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे ताकतों से सावधान रहकर अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखना है।

सभा को संबोधित कर अनिल हारमे, समेबाई तुलावी, कुमलाल कल्लो, इंदरू तुलावी, सोनसाय कल्लो, चंद्रकुमार दर्रो, सुहाता हारमें एवं भावना कोरेटी ने उपस्थित लोगों को रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने का आव्हान किया। स्वागत भाषण चंद्रकुमार दर्रो, सफल संचालन रूपेश कल्लो एवं आभार प्रदर्शन सुरेन्द्र कोला ने किया। इस दौरान युवक-युवती एवं महिलाओं का गोंड़ी पोशाक विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धनसाय नेताम, छबिलाल हारमें, मुनका तुलावी, गनील हारमें, राजू नेताम, मीना हारमें, सीता नेताम, हठियारिन तुलावी, मेहतरीन हारमें, सुमित्रा सलामें, सिरमो बाई कोरेटी, सुमन कोरेटी, मेहतरू सलामें, नवलसिंह कुंजाम, डारन बाई कुंजाम, रूपनाथ हारमें, लीला सलामें, पल्टीन सलामें, खुमन सलामें, परसादी नुरूटी, प्रेमजीत कोरेटी, बसंती दर्रो, संजय कुमार नेताम, ओमप्रकाश सलामें, खुलेश्वर सलामें, निराशा नेताम, हरीश नेताम, सत्यवती सलामें, निराशा कल्लो, फुलेश्वरी कुंजाम, समोतीन सलामें, तामेश्वरी नेताम, पुनई कोरेटी, प्रेमबाई कोला, भावेश्वरी हारमें, लीला दर्रो, नीलिमा नेताम, तनिश सलामें, केशर सलामें, संतारो सलामें, प्राची सलामें आदि सहित आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के लोग सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# करमरी में हुआ वृहद पौधरोपण



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड छुरिया के ग्राम करमरी में ग्राम पंचायत करमरी के सौजन्य से 27 जून को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य गोपाल भूआर्य, जनपद सदस्य राधेलाल जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका डड़सेना, भाजपा मंडल अध्यक्ष हृदयराम देवांगन, नैन सिंह पटेल सरपंच ग्राम पंचायत भेजराटोला कोमल सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र, भाजपा जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव सरपंच दीनदयाल साहू, लीलाराम, लक्ष्मणलाल, डोमनलाल, धनीराम, डामेश्वर देवांगन, एम.एल. देवांगन, दुखुराम निर्मलकर, प्रकाश साहू एवं समस्त पंचगण, पंचायत स्टाफ प्राचार्य कौशल कुमार साहू, व्याख्याता राजकुमार झा, श्रीमती एस देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थीगण द्वारा जागरुकता रैली निकाला गई। इस दौरान सभी ने अपने अपने करकमलों से तालाब के पार में अपने अपने माँ के नाम अनेक पौधे रोपे और पौधों की सुरक्षा के लिए सरपंच दीनदयाल साहू ने झटका तार के घेरे से सुरक्षित करवाए तथा पौधों को सतत् पानी से सिंचाई करवाने हेतु पंप लगवाने का संकल्प लिया। इसके पहले जनप्रतिनिधियों ने पेड़ों का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा की अनिवार्यता के संबंध में लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया।

# गोपालपुर में 20 लाख के विकास कार्यो का विक्रांत ने किया भूमिपूजन

**विक्रांत बोले - कांग्रेस ने किया सिर्फ छलावा, भाजपा दे रही सुशासन का लाभ**



खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर मे 20 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, नाली निर्माण के लिए 5 लाख, भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं आश्रित ग्राम कोंड़का में बोरखनन हेतु 2 लाख और मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। ग्राम में पहुँचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ में विकास केवल कागजों पर हुआ। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। नकली शराब के गोरखधंधे ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद किया। लेकिन अब भाजपा की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर सुशासन तिहार के माध्यम से गाँव-गाँव में शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। गोपालपुर में 20 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान विक्रांत सिंह ने महिलाओं से 'महतारी वंदन योजना' के लाभ की जानकारी ली, जिसमें महिलाओं ने बताया कि उन्हें हर माह 1 हजार रुपये उनके खातों में नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, राजू जंघेल, संदीप वैष्णव, ज्ञान यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम जनभागीदारी और विकास के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

# जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन

छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के ग्राम जरहामहाका में 5.00 लाख रुपए के यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का भूमिपूजन की। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से 5.00 लाख यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव मुख्य रूप से शामिल हुए।



श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि ग्राम जरहामहाका की विगत दिनों से यात्री प्रतीक्षालय की मांग थी। बारिश के दिनों मे यात्रीयों को काफी दिक्कत होती थी। जिनकी मांग पर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण से 5.00 लाख रुपए की लागत से यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम आज किया गया है। निश्चित रूप से इसका लाभ ग्रामवासियों को मिलेगा। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सदैव विकास के प्रति अग्रसर है। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है गांव के अंतिम छोर तक विकास दिखे व हर वर्ग को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले इस उद्देश्य के साथ भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है और निश्चित रूप से गांवों के विकास सभी के सहयोग से निरंतर प्रयास करेंगे। साथ ही इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे, मन्नू कंवर संरपच, कुंदन बडोले संरपच प्रतिनिधि, दिलीप सिन्हा, नैन सिंह पटेल, श्रीमती संकुन बड़ोले संरपच, टुम्मन लाल, तुलाराम सिरमौर, अरूण सिरमौर, यशवंत सिन्हा समेत पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आपातकाल, लोकतंत्र के खिलाफ कांग्रेस का काला अध्याय- गजेन्द्र मंडावी

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र मंडावी ने 25 जून 1975 के आपातकाल की 50वीं बरसी पर कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान की रक्षक नहीं, बल्कि भक्षक रही है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता छिन जाने के डर से अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग करते हुए आपातकाल लगाया और लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार किया।

### अवैध आपातकाल और संविधान का अपमान

गजेंद्र मंडावी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया था, लेकिन सत्ता के नशे में उन्होंने आपातकाल लगाकर विपक्ष की आवाज को कुचलने का असंवैधानिक कार्य किया। विपक्षी नेताओं को जेल में डालकर प्रताड़ित किया गया और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया गया। आम नागरिकों पर अत्याचार करते हुए संजय गांधी के नेतृत्व में नसबंदी जैसे अमानवीय कार्यक्रम चलाए गए।



### कांग्रेस का संविधान खतरे में होने का दावा झूठा

उन्होंने कहा कि वही कांग्रेस आज 'संविधान खतरे में है' का भ्रम फैला रही है। कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के दौरान प्रचार किया कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुने गए तो संविधान बदल देंगे। मंडावी ने सवाल किया कि क्या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, ट्रिपल तलाक कानून लाना या समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना संविधान बदलने के समान है।

### आपातकाल- सत्ता के लालच की पराकाष्ठा

भारतीय संविधान में लोकसभा का कार्यकाल 5 वर्षों का है, लेकिन सत्ता के लालच में कांग्रेस ने 22 महीने तक चुनाव टालकर आपातकाल थोपा। इस दौरान देशवासियों के अधिकार छीने गए और लोकतंत्र की हत्या की गई। मंडावी ने कहा कि भारतीय जनता कभी कांग्रेस को उसके इस पाप के लिए माफ नहीं करेगी।

### संविधान का सम्मान सर्वोपरि

उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के प्रति निष्ठा दिखाते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जो देशहित में हैं। मंडावी ने कहा कि कांग्रेस को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए और लोकतंत्र के नाम पर ढोंग बंद करना चाहिए।

# पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड अम्बागढ़ चौकी के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नव प्रवेशी बच्चों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और उन्हें पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभम लाटा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, जगजीत सिंह भाटिया, नवमीत कौर, प्रशांत खंडेलवाल सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। शाला प्रबंधन ने इस अवसर को बच्चों के लिए प्रेरणादायक और यादगार बनाने का प्रयास किया।

# पहला कॉलम...

## टी20 सीरीज के पहले मुकाबला में ही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की तबियत हुई खराब

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पांच टी20 इंटरनेशनल और तीन वनडे मैचों की सीरीज में टी20 सीरीज के पहले मुकाबला में ही भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की तबियत ठीक नहीं है। इस बात की जानकारी स्मृति मंधाना ने दी है। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हरमनप्रीत कौर की तबीयत ठीक नहीं थी जिससे वह सीरीज के पहले मैच की प्रेस कांफ्रेंस में शिरकत नहीं कर सकीं। मंधाना ने बताया नियमित कप्तान मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ आज अस्वस्थ है। मैं आज सिर्फ हरमनप्रीत की जगह आई हूं। हम यहां पहले ही आ गए थे। आठ दिन की अच्छी तैयारी की। कुछ अच्छे प्रैक्टिस मैच खेले, जिससे हमें इंग्लैंड की परिस्थितियों के बारे में बहुत कुछ पता चला। स्मृति मंधाना ने कहा कि काफी लड़कियों के लिए यह पहला इंग्लैंड दौरा है इसलिए उनके लिए यहां जल्दी आना अहम था ताकि वे परिस्थितियों की आदी हो सकें।

## तेलुगु की मशहूर न्यूज एंकर ने किया सुसाइड

हैदराबाद। तेलुगु के एक समाचार चैनल की न्यूज एंकर स्वेच्छा वोटारकर की आत्महत्या की खबर ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शनिवार को पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी। तेलुगु के न्यूज चैनल की 40 वर्षीय एंकर स्वेच्छा ने शुक्रवार की देर रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। स्वेच्छा का शव उसके कमरे में पंखे से झूलता मिला। स्वेच्छा के पिता ने पुलिस में आत्महत्या का मामला दर्ज करवाया है। स्वेच्छा के पिता ने बेटी की मौत का जिम्मेदार किसी शख्स को ठहराया है। पुलिस ने पिता के द्वारा बताए गए शख्स के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राओ ने भी न्यूज एंकर की मौत पर दुख व्यक्त किया है। केटी रामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, ÷स्वेच्छा वोटारकर की दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। मेरे पास कहने के लिए कोई शब्द नहीं है। जो भी मेरी इस पोस्ट को पढ़ रहा है, अगर आपको लगता है कि जिंदगी मुश्किल हो गई है तो कृपया प्रोफेशनल से संपर्क करने में मत हिचकिचाएं।

## कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन : देर शाम हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई। रीमेक सॉन्ग कांटा लगा से मशहूर हुई एक्ट्रेस शेफाली



जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया था। हालांकि, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पति पराग त्यागी समेत चार लोगों के बयान दर्ज किए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी शेफाली के घर में जांच की और सबूत जुटाए। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक 2 बार पोस्टमॉर्टम किया गया है। शेफाली का अंतिम संस्कार ओशिवारा के श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान उनकी मां को हिंदुस्तानी भाऊ ने संभाला। वहीं, पराग ने भावुक होकर मीडिया से कहा, मजाक या ड्रामा मत करिएगा, मेरी परी के लिए प्रे करिएगा। वो जहां भी रहे शांति से रहें।

सूत्रों के अनुसार, शेफाली को बेहोशी की हालत में उनके पति और एक्टर पराग त्यागी, के साथ तीन अन्य लोग शुक्रवार रात मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के रिसेप्शन स्टाफ ने पुष्टि की थी कि शेफाली को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेजा गया, जहां उनके परिवार के लोग, करीबी दोस्त और फिटनेस ट्रेनर भी पहुंचे थे।

## पंजाब में पूर्व सांसद जगदेव सिंह के पीए की हत्या

लुधियाना। मिसिंग लिंक 2 हाईवे के पास धांदरा रोड पर एक व्यक्ति की तलवार से हमला कर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह मुंडिया के नाम से हुई। मृतक शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व सांसद जगदेव सिंह तलवंडी का पूर्व पीए था। हत्या के पीछे का कारण अभी तक अज्ञात है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सदर पुलिस स्टेशन की स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) अवनीत कौर ने कहा कि व्यक्ति हाईवे पर कार में यात्रा कर रहा था, उसी समय उस पर हमला किया गया। पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।बिक्रम सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी का विरोधइससे पहले, पंजाब पुलिस ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। ये विजिलेंस द्वारा पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे थे। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने अमृतसर में शिरोमणि अकाली दल के नेता और विधायक बिक्रम सिंह मजीठिया के घर की तलाशी लेने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया था।बिक्रम सिंह मजीठिया की पत्नी गनीव कौर मजीठिया ने कहा कि बुधवार को 30 से 35 लोग बिना कोई वारंट या दस्तावेज दिखाए उनके घर में घुस आए।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को 78 रनों से धोया, सीरीज पर 1-0 से जमाया कब्जा



नई दिल्ली। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली गई थी। पहला टेस्ट मैच ड्रॉ हुआ था। जबकि दूसरा मैच 25 जून से खेला गया था। श्रीलंका ने चौथे दिन ही शानदार जीत हासिल करते हुए सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या ने 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की ओर से भी तैजुल इस्लाम ने पंजा खोला। वहीं श्रीलंकाई बल्लेबाज पथुम निसांका ने भी शानदार शतकीय पारी खेली थी। लंका के खिलाड़ियों ने इस मैच में कमाल का प्रदर्शन किया और यही वजह रही कि टीम ने एक पारी और 78 रनों से जीत हासिल की।

**पहली पारी में बांग्लादेश की पोल**

पहली पारी में बांग्लादेश ने 79.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 247 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने 93 गेंदों में 46 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने बांग्ला टाइगर्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। वहीं अनुभवी खिलाड़ी मुश्फिकुर रहीम ने 75 गेंदों में 35 रन बनाए। लिटन दास ने भी खासा कमाल नहीं किया। उन्होंने 56 गेंदों में 34 रन बनाए। वहीं मेहदी हसन मिराज ने भी 31 रनों की पारी खेली।

श्रीलंका ने पहली ही पारी में विशाल स्कोर बना दिया। पथुम निसांका ने 254 गेंदों में 158 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने 19 चौके अपने नाम किए। इसके अलावा दिनेश चंडीमल ने भी 153 गेंदों में 93 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि वह शतक से चूक गए। उन्हें नईम हसन ने चलता किया। लोअर मिडिल ऑर्डर में कुसल मेंडिस ने 87 गेंदों में 84 रनों की शानदार पारी खेली। वह भी अपना शतक पूरा नहीं कर सके। श्रीलंका ने 116.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 458 रन बनाए थे।

**बांग्लादेश ने दूसरी पारी में भी किया निराश**

दूसरी पारी में भी बांग्लादेश के बल्लेबाज कमाल नहीं कर सके। महज 44.2 ओवर में ही बांग्लादेश 10 विकेट के नुकसान पर 133 रनों पर ही सिमट गई। दूसरी पारी में बांग्लादेश का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं जमा सका। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन मुश्फिकुर रहीम ने बनए। उन्होंने 26 रनों की पारी खेली और अंत में श्रीलंका ने जीत हासिल कर ली। श्रीलंका की ओर से पहली पारी में असिथ फर्नांडो और सोनल दिनुशा ने 3-3 विकेट लिए। वहीं बांग्लादेश की ओर से एबोदत हुसैन ने पंजा खोला। उन्होंने 42.5 ओवर में 5 बल्लेबाज को निशाना बनाया।

## हार के बाद नजमुल हुसैन शांतो ने छोड़ी टेस्ट कप्तानी

नई दिल्ली। बांग्लादेश की टीम इन दिनों श्रीलंका दौरे पर है। यहां दोनों




टीमों के बीच हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई, जिसका पहला मुकाबला श्रीलंका ड्रॉ पर समाप्त हुआ जबकि दूसरा मैच श्रीलंका ने पारी और 78 रन से जीत लिया। शनिवार को बांग्लादेश की 1-0 से टेस्ट सीरीज में हार के बाद शांतो ने कहा- मुझे एक घोषणा करनी है। मैं बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी से हट रहा हूं।

बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारने के बाद यह फैसला लिया। शांतो ने कहा, मैं टेस्ट कप्तानी छोड़ रहा हूं। बांग्लादेश की टीम इन दिनों श्रीलंका दौरे पर है। यहां दोनों टीमों के बीच हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई, जिसका पहला मुकाबला श्रीलंका ड्रॉ पर समाप्त हुआ जबकि दूसरा मैच श्रीलंका ने पारी और 78 रन से जीत लिया। शनिवार को बांग्लादेश की 1-0 से टेस्ट सीरीज में हार के बाद शांतो ने कहा- मुझे एक घोषणा करनी है। मैं बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी से हट रहा हूं। मैं इस प्रारूप में कप्तान के रूप में बने रहना नहीं चाहता, और मैं सभी को एक स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं÷ यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह पूरी तरह से टीम की बेहतरी के लिए है और मेरा मानना है कि इससे टीम को मदद मिलेगी। अगर क्रिकेट बोर्ड को लगता है कि वे तीन प्रारूपों में तीन कप्तानों के साथ बने रहेंगे, तो यह उनका निर्णय होगा।

## आसीबी क्रिकेटर यश दयाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप: लड़की बोली- दिया शादी का झांसा; पांच साल से था रिलेशनशिप

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थानाक्षेत्र की ही रहने वाली एक युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आईपीएल की टीम रॉयल चॅलेंजर्स बंगलोर (आरसीबी) के खिलाड़ी यश दयाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने और विरोध करने पर हिंसा करने का आरोप लगाया है। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में युवती ने बताया कि वह पांच वर्ष से एक क्रिकेटर के साथ रिश्ते में थी। क्रिकेटर ने उन्हें शादी का झांसा देकर अपने परिवार के सामने बहू के तौर पर पेश किया। इसके बाद उनका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न



किया गया। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि क्रिकेटर अन्य लड़कियों के साथ भी संबंधों में था। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तब उनके साथ शारीरिक हिंसा और मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। इसके बाद 14 जून 2025 को उन्होंने महिला हेल्पलाइन पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि वह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर हैं। यहां तक कि पीड़िता ने पुलिस को क्रिकेटर से व्हाट्सएप, स्क्रीनशॉट, वीडियो कॉल और फोटो के साक्ष्य भी दिए हैं। साथ ही कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## मेजर लीग क्रिकेट : शिमरन हेटमायर के सिक्स से सीएटल ओर्कास को दिलाई जीत, न्यूयॉर्क को 3 विकेट से मात दी

नई दिल्ली। मेजर लीग क्रिकेट 2025 में 28 जून को रूद्ध न्यूयॉर्क और सीएटल ओर्कास के बीच मुकाबला खेला गया। इस हाई स्कोरिंग मुकाबले में सिकंदर रजा की सीएटल की टीम ने रूद्ध न्यूयॉर्क को 3 विकेट से मात दी। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए रूद्ध न्यूयॉर्क की टीम निकोलस पूरन की शतकीय पारी के बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 237 रन बनाने कामयाब रही। इसके जवाब में सीएटल ओर्कास की टीम ने इस स्कोर को 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर हासिल किया। उनकी तरफ से शिमरन हेटमायर ने 97 रनों की नाबाद पारी खेली।



आपको बता दें कि ये रूरुष्ट के इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले रूरुष्ट में सबसे बड़ा रन चेज का रिकॉर्ड वाशिंगटन फ्रीडम के नाम था। इसी सीजन उन्होंने टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ 221 रन का टारगेट हासिल किया था।

इस मुकाबले में रूद्ध न्यूयॉर्क की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला, जहां उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद नंबर तीन पर निकोलस पूरन बैटिंग करने के लिए आए। पूरन ने आते ही आक्रामक तेवर दिखाए और गेंदबाजों की जमकर कुटाई की। उनका साथ दिया तजिंदर सिंह ढिल्लों ने। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 158 रनों पार्टनरशिप हुई। ढिल्लों 35 गेंदों में 95 रन बनाकर आउट हुए और शतक पूरा करने से चूक गए। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 8 छक्के लगाए। उनके आउट होने के बाद भी एक छोर से निकोलस पूरन ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखी और 55 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। पूरन ने 60 गेंदों में 108 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। 20 ओवर खेलने के बाद उनकी टीम 237 रन बनाने में कामयाब रही।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएटल ओर्कास की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। टीम को पहला झटका जोश ब्राउन के रूप में लगा जो 3 गेंदों में 5 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाजों ने इस मैच में जबरदस्त बैटिंग की। कायल मेयर्स ने 20 गेंदों में 37 रन बनाए। वहीं सिकंदर रजा ने 333.33 की स्ट्राइक रेट से 9 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली। इन सबके आउट होने के बाद नंबर 6 पर शिमरन हेटमायर बैटिंग करने के लिए आए और उन्होंने 40 गेंदों में 97 रनों की जबरदस्त पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 5 चौके और 9 छक्के लगाए।

## प्रज्ञानानंदा को हुआ तगड़ा फायदा, भारत के लिए हासिल की सर्वोच्च रैंकिंग; डी गुकेश को पछाड़ा

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा उज चेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के टॉप रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की



लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई, जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की।?? इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे। लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) टॉप पर बने हुए हैं।

उज चेस कप मास्टर्स 2025 में आर प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरुआत की। अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। अर्जुन एरिगैसी ने अरविंद चितंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया। टाईब्रेक के पहले दौर में तीनों खिलाड़ियों ने डबल राउंड-रॉबिन ब्लिट्ज में दो अंक हासिल किए।

अब्दुसत्तोरोव और सिंदारोव ने अपनी दोनों बाजी ड्रॉ की जबकि प्रज्ञानानंदा ने दोनों को सफेद मोहरों से हराया लेकिन काले मोहरों से हार गए। दूसरे टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा ने अब्दुसत्तोरोव के साथ सफेद मोहरों से ड्रॉ किया और सिंदारोव को काले मोहरों से हराया। सिंदारोव की अब्दुसत्तोरोव पर जीत ने भारतीय खिलाड़ी के लिए खिताब पक्का कर दिया। यह प्रज्ञानानंदा का इस साल का तीसरा खिताब है।

इससे पहले उन्होंने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल में भी वह उपविजेता रहे थे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने सोशल मीडिया पर प्रज्ञानानंदा को बधाई देते हुए लिखा कि उज्बेकिस्तान शतरंज कप जीतने के लिए आर प्रज्ञानानंदा को बधाई।

## विमान हादसे के बाद डांस पार्टी करने वालों पर सख्त एक्शन, एयर इंडिया ने 4 कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता

नई दिल्ली। अहमदाबाद विमान हादसे महज 8 दिन बाद दफ्तर में डांस पार्टी करने वाले चार कर्मचारियों को एयर इंडिया ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह कर्मचारी एयर इंडिया की ग्राउंड हैंडलिंग इकाई AISATS में कार्यरत थे। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें कर्मचारी ऑफिस में मस्ती करते दिख रहे हैं।



एअर इंडिया ने शुक्रवार (28 जून) को बयान जारी कर कहा, AI-171 फ्लाइट क्रैश में प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का जो आचरण दिखा, वह हमारी कंपनी की नीतियों के खिलाफ है। जिम्मेदार लोगों पर हमने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। वीडियो किस ऑफिस का है, कंपनी की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वीडियो गुरुग्राम स्थित AISATS ऑफिस का है। 20 जून को यह रिकॉर्ड किया गया है। इसमें कुछ कर्मचारी हादसे के बाद भी पार्टी करते नजर आ रहे हैं। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 12 जून 2025 को दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। Boeing कंपनी के इस 787 Dreamliner विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें से 241 (230 यात्री और 11 क्रू ) की मौत हो गई। सिर्फ 1 यात्री जिंदा बचा है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हो गया है। अहमदाबाद एयरपोर्ट में यह विमान टेकऑफ के कुछ मिनटों बाद ही मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था।

पायलट ने 'मेडे कॉल' दिया, लेकिन संपर्क टूट गया। नागर विमानन महानिदेशालय ने भी अहमदाबाद हादसे के बाद तीन वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने के आदेश दिए थे। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, चीफ मैनेजर (क्रू शेड्यूलिंग) पिंकी मित्तल और प्लानिंग हेड पायल अरोड़ा शामिल हैं। इन अधिकारियों पर एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**पीएम ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से.....**

महसूस कर रहा हूं कि मैं यहां अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा, शुभ, आप दूर अंतरिक्ष में हैं, जहां गुरुत्वाकर्षण बल न के बराबर है। पर हर भारतीय देख रहा है कि आप कितने डाउन टू अर्थ हैं। आप जो गाजर का हलवा ले गए, क्या उसे अपने साथियों को खिलाया? ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने जवाब में कहा, जी प्रधानमंत्री जी, ये कुछ चीजें मैं अपने देश की खाने की लेकर आया था, जैसे गाजर का हलवा, मूंगदाल का हलवा और आमरस। मैं चाहता था कि ये बाकी देशों से मेरे साथी हैं, वो भी इसका स्वाद लें। वो भी भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव करें। हम सभी ने बैठकर साथ में इसका स्वाद लिया। सबको बहुत पसंद आया।

प्रधानमंत्री ने पूछा, परिक्रमा करना भारत की सदियों पुरानी परंपरा है। आपको तो धरती माता की परिक्रमा करने का सौभाग्य मिला है। अभी आप धरती के ऊपर किस भाग से गुजर रहे होंगे? ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने जवाब में कहा, इस समय इसकी जानकारी मेरे पास उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन थोड़ी देर पहले मैं खिड़की से बाहर देख रहा था तो हम लोग हवाई के ऊपर से गुजर रहे थे और हम दिन में 16 बार परिक्रम करते हैं। 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त हम देखते हैं। यह बहुत ही अचंभित कर देने वाली प्रक्रिया है। इस समय 28 हजार किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रहे हैं आपसे बात करते हुए। ये गति पता नहीं चलती क्योंकि हम अंदर हैं। लेकिन ये गति दिखाती है कि हमारा देश कितनी गति से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने आगे पूछा, अंतरिक्ष की विशालता देखकर आपको सबसे पहले क्या विचार आया? इस पर शुभांशु ने कहा, सच बोलूं तो जब पहली बार हम अंतरिक्ष में पहुंचे तो पहला नजारा पृथ्वी का था और पृथ्वी को देखकर पहला ख्याल जो मन में आया वो ये था कि पृथ्वी एक दिखती है, मतलब बाहर से कोई सीमा रेखा नहीं दिखाई देती। दूसरी चीज ये थी जब भारत को देखा तो मानचित्र के बारे में जो हम पढ़ते हैं, जो आकार होता है, वह सही नहीं होता है। भारत सच में बहुत भव्य दिखता है। बहुत बड़ा दिखता है। जितना हम मानचित्र पर देखते हैं, उससे काफी बड़ा।

0 मिशन में शुभांशु शुक्ला के साथ ये अंतरिक्ष यात्री

शुभांशु के साथ इस मिशन में पोलैंड के स्लावोश उजनान्स्की-विस्निएवस्की, हंगरी के टोबूर कापू और मिशन कमांडर पेग्गी व्हिटसन भी शामिल हैं। एक्सिओम-4 मिशन का यह दल बुधवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ। यह दल वहां दो हफ्ते तक वैज्ञानिक प्रयोग करेगा। इससे पहले 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा सोवियत संघ के मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने थे। शुभांशु ने 2006 में भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में करियर शुरू किया था।

उन्हें 2019 में गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया। 2019 से 2021 के बीच उन्होंने रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट प्रशिक्षण केंद्र में मूलभूत प्रशिक्षण लिया। इसके बाद 2025 में उन्होंने स्पेसएक्स में अपना प्रशिक्षण पूरा किया। टीवी स्क्रीन पर शुभांशु को देख भावुक उनकी मां आशा शुक्ला ने कहा था, यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। हम बहुत खुश हैं। ये खुशी के आंसू हैं। उन्होंने कहा था, हम इस पल का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। आज हमारी खुशी की कोई सीमा नहीं है। वहीं, शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा था, उनके साथ हमारी दुआएं और आशीर्वाद हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मिशन कामयाब हो।

**कोलकाता गैंगरेप केस में 5 सदस्यीय एसआईटी....**

साथ कॉलेज कैम्पस में स्थित यूनियन रूम में छेड़छाड़ की गई थी. आरोपी उसे यहां से घसीटकर सिक्योरिटी गार्ड के कमरे में ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया. वकील ने कहा कि गिरफ्तार प्रमुख आरोपी मोनोजीत मिश्रा अपने राजनीतिक जुड़ाव के कारण बहुत प्रभावशाली है. मोनोजीत कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष है और कथित तौर पर टीएमसी के छात्र संगठन के दक्षिण कोलकाता विंग का संगठनात्मक सचिव है. पुलिस ने मामले की जांच जारी रहने के दौरान और गिरफ्तारियों की संभावना से इनकार नहीं किया है. पुलिस ने कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी की गिरफ्तारी के संबंध में कहा कि वह वारदात के समय कैम्पस में मौजूद था और आरोपी के निर्देश पर छात्रा को अकेला छोड़कर गार्ड रूम से चला गया था. पुलिस ने कहा कि महिला द्वारा बार-बार मदद की गुहार लगाने के बावजूद गार्ड ने उसकी मदद नहीं की. घटना की सूचना कॉलेज प्रशासन या पुलिस को देना गार्ड की जिम्मेदारी थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया. पूछताछ के दौरान उसकी लापरवाही की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि कॉलेज का मेन गेट बंद करके सुरक्षा गार्ड को कमरे के बाहर बैठा दिया गया. वह मौके पर मौजूद था, बावजूद इसके उसने कोई हस्तक्षेप नहीं किया. मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा को 25 जून को गिरफ्तार किया गया, जबकि सह-आरोपियों प्रथम वर्ष के छात्र 19 वर्षीय जैब अहमद और द्वितीय वर्ष के छात्र प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया. वहीं, गार्ड पिनाकी बनर्जी को 28 जून को गिरफ्तार किया गया. छात्रा की शिकायत के अनुसार, जब वह परीक्षा के लिए फॉर्म भरने कैंपस पहुंची तो उस पर हमला किया गया. उसे जबरन गार्ड रूम में ले जाया गया, जहां उसके कपड़े उतारे गए और उसके साथ बलात्कार किया गया. पीड़ित छात्रा के मुताबिक उसने मोनोजीत मिश्रा के विवाह प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था, जिस कारण उसने उसके साथ बलात्कार किया. पीड़िता के मुताबिक मोनोजीत ने इस पूरे कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया और बाद में वीडियो का इस्तेमाल उसे ब्लैकमेल करने और धमकाने के लिए किया. पुलिस के अनुसार, मेडिकल जांच में आरोपों की पुष्टि हुई और छात्रा के साथ रेप, शरीर पर काटने के निशान और नाखून के खरोंच के निशान पाए गए. आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार की घटना के बाद इस वारदात ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बयानबाजी और आरोपों को हवा दे दी है. भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इस घटना को भयावह बताया और इसके लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया और इसकी तुलना सनसनीखेज आरजीकर मामले से की. उन्होंने कहा, आरजीकर का खौफ खत्म नहीं हुआ है, और बंगाल में रोजाना इसी तरह के जघन्य अपराध सामने आ रहे हैं. अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी. इस जघन्य अपराध के विरोध में देश भर में प्रदर्शन हुए और शिक्षण संस्थानों में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने की मांग की गई.

**छात्रा से दुष्कर्म मामले में लॉ कॉलेज.....**

अधिकारी ने बताया कि गार्ड अपनी ड्यूटी में नाकाम रहा। वह जवाब नहीं दे पाया कि उसने क्यों उचित कार्रवाई नहीं की और तीनों आरोपियों को अपराध करने से क्यों नहीं रोका। वह क्यों और किसके कहने पर अपने कमरे से बाहर निकला। वह इसका जवाब भी नहीं दे रहा है। यह भी अपराध में एक तरह की संलिप्तता ही है। अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उस समय वह ड्यूटी पर अकेला था या नहीं। इससे पहले कोलकाता के विधि कॉलेज में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी व तृणमूल कांग्रेस के छात्र नेता मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रोमित मुखोपाध्याय (20) को गिरफ्तार किया है। मनोजीत इसी कॉलेज का पूर्व छात्र है, जबकि जैब व प्रोमित मौजूदा छात्र हैं। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता का न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया है। मेडिकल में सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। मनोजीत के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष व टीएमसी के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।

**पूर्व आईएएस टुटेजा की याचिका....**

घोटाला के अलावा डीएमएफ, कोयला घोटाला सहित और भी कई प्रकरण में वे आरोपी हैं। उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। ईडी की तरफ से कहा गया कि अब तक की जांच से पता चलता है कि याचिकाकर्ता अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी और अनवर ढेबर के साथ सिंडिकेट का मुख्य हिस्सा रहे हैं। ये स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता शराब घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक था। उसने सरकारी अफसर होने के नाते पद का दुरुपयोग किया।

# ठेला पसरा हटाने, दुकान के सामने फैलाकर समान नहीं रखने तथा फ्लाई ओव्हर के नीचे व अन्य शासकीय रिक्त भूमि में पार्किंग व्यवस्था करने बनी सहमति

राजनांदगांव (दावा)। शहर को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सुगम आवागमन के लिए जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर आज नगर निगम सभागृह में प्रशासन एवं व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी खेमलाल वर्मा तथा सिटी थाना प्रभारी रोमेन्द्र सिंह, यातायात विभाग के शरद कुमार सहित चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश महामंत्री तरूण लहरवानी व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, चेम्बर ऑफ कार्मस के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद के अलावा शहर के व्यापारिक क्षेत्र के पार्षद सर्वश्री शैंकी बग्गा, राजेश जैन रानू, जैनम बैद, प्रमोद झंझाडे, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।



**शहर में सुदृढ़ यातायात व्यवस्था एवं सुगम आवागमन के लिए प्रशासन तथा व्यापारियों की संयुक्त बैठक**

बैठक में आयुक्त ने कहा कि, शहर में व्यवस्थित यातायात तथा अतिक्रमण हटाने सड़क दुर्घटना रोकने जिलाधीश द्वारा बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिया गया था। निर्देशानुसार प्रशासन की टीम शहर के व्यस्तम व्यापारिक क्षेत्रों में सुगम यातायात के लिए व्यवस्था सुदृढ़ करने पैदल भ्रमण भी किए थे और उन्ही के निर्देश पर आज सुचारू व्यवस्था के लिए व्यापारियों की बैठक आयोजित आहुत की गई है। उन्होने कहा कि, शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तभं रोड, गुड़ाखु लाईन, कामठी लाईन, सदर बाजार, हलवाई लाईन, सिनेमा लाईन में यातायात का दबाव बना रहता है। इसके अलावा ठेला पसरा लगने तथा दुकानों का सामान बाहर रखने से पार्किंग की समस्या के साथ-साथ आवागमन में परेशानी होती है। इन्ही व्यवस्था को सुदृढ़ करने आप लोगो का सहयोग एवं सुझाव लिया जाना है।

अनुविभागीय अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि, शहर के बाजार क्षेत्र में वन-वे तथा बडी गाड़ी का प्रवेश निषेध के अलावा दुकान के सामने किए अतिक्रमण एवं कब्जा कर रखे समान को हटाया जाना है। वर्तमान में अतिक्रमण के कारण यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही है। फ्लाई ओव्हर के नीचे लम्बे समय से गाड़ी पार्क किया गया है, जिसे हटाना है। आप सब के सहयोग से अतिक्रमण हटाने तथा व्यवस्थित पार्किंग के लिए कार्ययोजना बनानी है। इस संबंध में कलेक्टर के भी निर्देश है।

चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने भी अपने सुझाव रखे कि, शहर के प्रमुख मार्ग से ठेला पसरा हटाये जाये तथा पार्किंग की व्यवस्था की जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे, म्यूनिस्पल में बने पार्किंग, बालाजी मंदिर के पास के रिक्त स्थल, जूनी हटरी के रिक्त स्थल को पार्किंग के लिए व्यवस्थित किया जाए। दुकानों के सामने के अतिक्रमण को हटाया जाए, इस संबंध में दुकानदारों से अपील की जाए। अतिक्रमण मुक्त करने तथा सुगम यातायात के लिए संबंधित क्षेत्र के पार्षदों ने भी अपने सुझाव रखें।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, यातायात बाधित बाजार क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गो में ठेला पसरा लगाने पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे से अतिक्रमण मुक्त कर पार्किंग स्थल बनाया जाए। शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखु लाईन, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, कामठी लाईन, सदर लाईन आदि क्षेत्र के दुकानदारों को दुकान के सामने से अतिक्रमण, कब्जा मुक्त करने तथा दुकान के बाहर समान नही रखने समझाईस दी जाए। इस संबंध में मुनादी भी कराई जाए और प्रशासन तथा व्यापारियों की संयुक्त टीम शहर में पैदल मार्च कर दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने, समान दुकान की सीमा में रखने समझाईस दी जाए।बैठक में निगम प्रशासन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के अलावा व्यापारीगण उपस्थित थे।

# चाईल्ड आर्टिस्ट नायरा रंगारी फैशन शो के फाइनल राउंड में

राजनांदगांव (दावा)। नायरा रंगारी उर्फ पीहू इस बार पुन फैशन शो के फाइनल राउंड में पहुंच गई है। हिंदी फिल्म, छत्तीसगढ़ी फिल्म शॉर्ट फिल्म एल्बम की नन्ही चाइल्ड आर्टिस्ट नायरा रंगारी 29 जून को राजनांदगांव ऑडिटोरियम के फैशन शो के फाइनल राऊंड में अपनी प्रतिभा को दिखाने का पुनः अवसर मिला है।



**किड्स सब जूनियर फैशन शो रायपुर की विजेता रही**

नायरा रंगारी फिल्मों की बाल कलाकार, बाल प्रतिभा सम्मान से सम्मान प्राप्त, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, स्टोरी टेलिंग में भारत की सबसे कम उम्र में 5 साल 11 माह में अपना नाम दर्ज कराने वाली भारत की पहली बालिका पीहू उर्फ नायरा रंगारी कल 29 जून को राजनांदगांव ऑडिटोरियम में आयोजित प्रिंसेस ऑफ राजनांदगांव में नजर आएगी, केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव की नन्ही छठवीं क्लास की बालिका का उत्साह देखकर समाज को संदेश देना का, नई प्रतिभा और अपनी कला प्रतिभा को मंच के सामने लाने के लिए एक सुन्दर संदेश देना का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के सरकारी विज्ञापन रामलला दर्शन योजना, स्वच्छ भारत, हर घर तिरंगा जैसे सरकारी विज्ञापन में भी नन्ही बालिका पीहू को आप देख सकते है, छत्तीसगढ़ी एल्बम मोर बोले बाबा सुंदरानी चैनल पर नन्ही बालिका को देख सकते है। अंतर्राष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म हरसैल्फ में सुंदर एक्टिंग के लिए अवॉर्ड प्राप्त करें, चुंकि नायरा फैशन शो के फाइनल राउंड में दिखाई देगी।

# न्याय समाज की बौद्धिक परिचर्चा काव्य गोष्ठी संपन्न

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ गणेश गौशाला गनेरी में न्याय समाज के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ अंचल के शिक्षाविद्, साहित्यकारों, कवियों, पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं समाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में धर्म संस्थापक संघ हरिद्वार के संस्थापक गुरुदेव अरविंद अंकुर द्वारा प्रतिपादित न्याय प्रस्तावों पर बौद्धिक परिचर्चा हुई।



कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य गुरुदेव अरविंद अंकुर, ब्रह्माजी एवं मां सरस्वती के तैल चित्रों पर पूजन अर्चन कर पूजा कलश में दीप प्रज्वलन कर हुआ। इस अवसर पर न्याय समाज प्रभारी शैलेन्द्र यदु ने बताया की आज समाज में अन्यायशील व्यवस्थाओं नीतियों के कारण ही समाज में लुट भ्रष्टाचार, शोषण का कुचक्र चल रहा है। इससे संपूर्ण मानव जगत शोषित और शोषक के रूप विभाजित होकर युद्ध आतंक से पीड़ित होकर दुख भोगने मजबूर हो रहे है। सामान्य समझ में लोग इसके लिए व्यक्ति विशेष या समुदायों को ही दोषी मानकर आपस के अंतहीन संघर्ष में उलझे रहते है, जबकि वास्तव में नीतियों और व्यवस्था जन्य त्रुटियों के कारण ऐसी विषम परिस्थितियां निर्मित हुई रहती है। यदि इनमें सुधार कर लिया जाए तो समाज सुखद स्वस्थ समुन्नत हो वास्तविक विकास की ओर अग्रसर हो सकता है। ऐसी ही विचारों को लेकर न्याय धर्मसभा द्वारा विगत तीस-पैंतीस सालों से विभिन्न जन मंचों, सोशल मीडिया प्लेटफार्म में गुरुदेव अरविंद अंकुर द्वारा प्रतिपादित न्याय प्रस्तावों के बारे में जिसके जरिए मानवीय समाज और देश में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का सार्वभौमिक समाधान होना संभव है। परिचर्चा गोष्ठी के माध्यम से जन सामान्य को न्याय धर्म सभा द्वारा प्रस्तावित न्याय प्रस्तावों की जानकारियों से अवगत कराया जाता रहा है। उसी अनुक्रम में गणेश गौशाला गनेरी के प्रांगण में न्याय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत माथलडबरी के सरपंच मधु ओमेश यदु के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार अखिलेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

गोष्ठी बौद्धिक परिचर्चा में शिवनाथ साहित्य धारा समिति डोंगरगांव, साकेत साहित्य मंच राजनांदगांव और पुरवाही साहित्य समिति मोहला से जुड़े साहित्यकारों कविजनों ने उपस्थित हो बौद्धिक परिचर्चा में भाग लेकर न्याय धर्म सभा के न्याय प्रस्तावों पर अपनी रुचि प्रगट की। गोष्ठी में डिजिटल करेंसी सिस्टम डिजिटल वोटिंग एवं जनगणना कार्य सभी सरकारी शासन व्यवस्था के सिस्टम का डिजिटलीकरण करते हुए डिजिटल स्वशासन प्रणाली के प्रत्यक्ष लाभ से अवगत हुए। सभी सभासदों ने एनडीएस प्रस्तावित महा लोकतंत्र के फायदे त्रिकोणीय अर्थव्यवस्था, न्यायशील जन अधिकार, न्यायशील आश्रय योजना, पात्रता अनुसार पद नियोजन, न्यायशील ग्राम योजना के विभिन्न पहलुओं को समझा और अपने विचार परिचर्चा के माध्यम से साझा किया। गोष्ठी में न्याय धर्म सभा से लंबे समय से जुड़े चंद्रकांत साहू, राम मनोहर अग्रवाल दुर्ग, पीयूष यदु गुंडरदेही, मनोज ठाकुर, शशांक साहू, जयचंद पाटिल, ईश्वर जोशी, सुनीता यदु, अंकिता यदु, डोंगरगांव ने एक एक प्रस्तावों पर उपस्थिति लोगों की सहभागिता से विशद चर्चा कर सभा को न्याय प्रस्तावों की विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया। गोष्ठी का सफल संचालन वीरेंद्र तिवारी 'वीरू' करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव द्वारा किया गया।

# यूनिसेफ युवोदय के स्वयं सेवकों ने किया ग्रामीणों को जागरूक



राजनांदगांव (दावा)। यूनिसेफ युवोदय राजनांदगांव के स्वयं सेवकों द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा में जल संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्य में श्रमदान किया गया। जिला समन्वयक यूनिसेफ विनोद कुमार टेम्बुकर ने कहा कि सोखता गड्ढा निर्माण से गिरते भू-जल स्तर में सुधार हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को अपने घरों में सोखता गड्ढा निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ग्रामीणों को अपने घरों में कम से कम 5 पौधा लगाकर पर्यावरण सरंक्षण करने का संकल्प लेने कहा। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए शपथ दिलाई गई और सभी को स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य छुरिया, इंजीनियर तुमेश्वर साहू, यूनिसेफ युवोदय के स्वयं सेवक तोरण पटेल, साहिल देवांगन, भारत साहू सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक अन्य पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद पर नियुक्ति के लिए 2 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव (ग्रामीण-2) घुमका अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 उपरवाह में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर नियुक्ति के लिए 2 जुलाई तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण-2 राजनांदगांव में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# मीसा बंदियों का सम्मान, संविधान की हत्या करने वालों के मुंह में करारा तमाचा - राजेश गुप्ता अग्रहरि



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं शक्ति केन्द्र प्रभारी युवा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि ने देश में आपातकाल के दौरान इस आपातकाल का पुरजोर विरोध करने वाले व जेल की सजा पाकर लाठी- डंडा खाने वाले मीसा बंदियों को नमन करते हुए कहा कि मीसा बंदियों का सम्मान संविधान की हत्या है और इस हत्या को करने वाली कांग्रेस पार्टी के मुंह पर करारा तमाचा है। श्री अग्रहरि ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1975 में सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने के लिए संविधान की हत्या करते हुए देश में इमरजेंसी लगाई थी और इस इमरजेंसी का विरोध करने वालों को प्रताड़ना देते हुए जेल में ठूंस दी थी। प्रेस पर बैन लगा दी थी। पूरे देश में समाजसेवी, प्रबुद्धजनों ने संविधान की हत्या करने वालों के विरोध में देश के जननायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, जार्ज फर्नांडिस आदि जैसे देश के बड़े बड़े नेतागणों सहित हमारे संस्कारधानी के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश लाल, रामकृष्ण निर्वाणी, विद्याभूषण ठाकुर, मदन तिवारी, दरबार सिंह ठाकुर, यादव जी आदि दर्जनों लोकतंत्र प्रेमी नेता जेल की सीखचों के पीछे ढकेल दिए गए। इस दौरान जेल में रहने से इन नेताओं के घर वाले आर्थिक समस्या से ग्रस्त रहे। ऐसे समय में देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपातकाल का विरोध करते हुए देशभर वेश बदल कर छुपते-छूपाते घूमते हुए लोगों को जगाया और पीड़ित मीसाबंदी रहे लोगों के घरों में जाकर आर्थिक मदद पहुंचाई। श्री अग्रहरि ने कहा कि कांग्रेस के समय प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार ने इन मीसा बंदियों को मिलने वाली सुविधा व सहायता को बंद कर दिया था। आज देश की मोदी सरकार व प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार मीसा बंदियों का सम्मान कर देश का हित व लोकतंत्र का सम्मान करने वालों को प्रतिष्ठा देने का काम कर रही है। यह एक प्रकार से संविधान की हत्या करने वाली पार्टी कांग्रेस के मुंह में एक करारा तमाचा है।

## शराब भरी ट्रक हुई गायब !

बिलासपुर। डिपो से लाखों की शराब लेकर निकला ट्रक गायब होने से आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया है. यह मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है. ट्रक मालिक ने सिरगिट्टी थाने में मामले की शिकायत की है. पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है. आरोपी की तलाश की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, सिरगिट्टी डिपो से शराब लेकर ट्रक निकला था. रायगढ़ के शराब दुकानों में डिलीवरी होनी थी, पर बीच रास्ते में विदेशी प्रीमियम क्वालिटी की शराब और बीयर से भरा ट्रक समेत चालक फरार हो गया है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है.

## वाद्ययंत्र सहायता अनुदान के लिए मांग पत्र 11 अगस्त तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य की कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवधन तथा सतत विकास एवं प्रोत्साहन के लिए संगीत की दुर्लभ शैलियों व वाद्यों हेतु संचालित योजना अंतर्गत जिले के कार्यशील लोककला दलों को वाद्ययंत्र हेतु सहायता अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

वाद्ययंत्र के लिए सहायता अनुदान हेतु जिले के कार्यशील लोककला दल मांग पत्र निर्धारित प्रपत्र में 11 अगस्त 2025 तक जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में प्रस्तुत कर सकते है।

# नशे का यह जाल तभी टूटेगा, जब हम सब मिलकर इसके खिलाफ एक जुट होंगे - राष्ट्रीय सेवा योजना




राजनांदगांव (दावा)। कन्फ्लुएन्स महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान पखवाड़ा चलाया गया है। जिसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा सिगरेट, शराब, गांजा, अफीम से लेकर सिंथेटिक ड्रग्स आदि के दुष्प्रभाव एवं दुष्परिणाम के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी (एन.एस.एस.) ने कहा कि युवा वर्ग आज नशे की दलदल में फंस रहे हैं। नशा कोई नई समस्या नहीं है, लेकिन इसका स्वरूप और प्रभाव पहले से कहीं अधिक भयानक हो चुका है। भारत में 15 से 24 आयु वर्ग के बीच नशीले पदार्थों का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। युवा पीढ़ी नशे की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के द्वारा भी नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु ऑनलाइन शपथ दिलवाया जा रहा है। विद्यार्थियों ने जन जागरूकता रैली, शपथ एवं प्रतिज्ञा संकल्प लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया।

छात्रों ने स्वयं तथा परिवार और आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने हेतु आह्ववान भी किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि सरकार को अपनी नीतियों को और सख्त करना होगा। नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता में सुधार करने होंगे। हमें स्वीकार करना होगा कि नशे से बचने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी खुद युवाओं की है। जीवन में कठिनाइयां आती है, लेकिन उनका सामना नशे से नहीं बल्कि हिम्मत और सूझबूझ से करना चाहिए। आज महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं ने नशे के खिलाफ एक कदम उठाते हुए लोगों को जागरूक करने का कार्य प्रारंभ किया है। जो निश्चित ही सराहनीय पहल है। अंत में विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलवाया गया एवं ऑनलाइन नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मे नशे के खिलाफ शपथ लेकर मिशन ड्रग फ्री कॅम्पस का सर्टिफिकेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से प्राप्त किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा लोगों को आह्वान किया गया। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# पूर्व सांसद व विधायक अमितेश शुक्ल ने दी पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि




राजनांदगांव (दावा)। राजिम व अभनपुर के पूर्व सांसद व विधायक रहे पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल का महाप्रभु जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर संस्कारधानी आगमन हुआ। नया बस स्टैंड समीप स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर श्री मिथिला धाम के पूज्य संत मौनी बाबा का दर्शन लाभ करने आए श्री शुक्ल ने अंचल के समाचार पत्र दैनिक दावा का पूरे मनाःयोग से पठन किया।

दैनिक दावा के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित छत्तीसगढ़ के जाने-माने कवि/ साहित्यकार पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन का समाचार पढ़कर श्री शुक्ल की आंखें नम हो गई। उन्होंने हास्य-व्यंग्य के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने साहित्य का एक ज्वाजल्य मान सितारा खो दिया। डॉ. दुबे के निधन को उन्होंने प्रदेश के कला/साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति बताया और उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पद्मश्री दुबे की यादें अमर रहेगी

श्रीराम-जानकी मंदिर श्री मिथिलाधाम मंदिर के संस्थापक/संयोजक व साहित्य अनुरागी अशोक चौधरी ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. दुबे अपने चर्चित व सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग की रचनाओं के लिए हमेशा याद किया जाते रहेंगे। उनकी यादें लोगों के दिलों में अमर रहेगी। उन्होंने कहा कि वे हम सब के चहेते श्री दुबे राजनांदगांव के दशहरा उत्सव में आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन के वे हीरो हुआ करते थे। उन्होंने अपने चर्चित हास्य/व्यंग की कविताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी की देश और विदेशों तक शाख जमाई। वे छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए लड़ते रहे। ऐसे कर्मठ व प्रखर कवि साहित्यकार का जाना निश्चित ही छत्तीसगढ़ की अपूरणीय क्षति है। श्री चौधरी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान रायपुर की एडीशनल कमिश्नर सरिता तिवारी, मंदिर के पुजारी त्यागी महराज, वैदेही शरण महाराज, महंत आदित्य झा व अन्य उपस्थितजनों ने मिथिलाधाम मंदिर परिवार की ओर से पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन पर गहरा दुख जाहिर करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## फिश एक्वेरियम भवन के संचालन हेतु 15 जुलाई तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पुष्पवाटिका में नवनिर्मित फिश एक्वेरियम भवन के संचालन हेतु 15 जुलाई 2025 दोपहर 2 बजे तक मछली पालन विभाग राजनांदगांव में रूचि की अभिव्यक्ति के तहत निर्धारित प्रारूम में मुहरबंद आवेदन आमंत्रित की गई है। अभिरूचि प्रस्ताव को 15 जुलाई 2025 को ही दोपहर 3 बजे आवेदनकर्ताओं के समक्ष कार्यालय परिसर में खोला जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सहायक संचालक मछलीपालन राजनांदगांव के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। फिश एक्वेरियम भवन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध करना, अपने घरों में एक्वेरियम टैंक स्थापित करने एवं मछलीपालन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करना है। फिश एक्वेरियम भवन के संचालन के लिए प्रतिष्ठित, अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम एजेंसियों, संस्थानों, किसान उत्पादक संगठनों, फर्मों, कंपनियों, व्यक्तियों से रूचि की अभिव्यक्ति के तहत निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# प्रधानमंत्री जनमन महाभियान से बैगा जनजातीय परिवारों को मिल रहा है 'सपनों का घर'

खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के विकासखंड छुईखदान के 18 ग्राम पंचायतों के 47 बसाहटों में प्रधानमंत्री जनमन महाभियान के तहत वर्ष 2023-24 में कुल 858 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। इन 47 बसाहटों में दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राही कभी सोचे नहीं थे, कि उनके पक्के घर का सपना पूरा हो पाएगा। आज अपने पक्के घर को बनते हुए देख रहे हैं।



**बैगा परिवारों के जिंदगी में बिखेर रही है नई रोशनी दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले हितग्राही तो जीवन भर कच्चे घर, बांस बल्ली, घास वाले घर में ही रहना पड़ता है,**

अब उनके लिए उनका पुराना बांस का घर अब बीते दिनों की बात हो गई है। आज इस योजना की बदौलत वे संतुष्टि की भावना एवं आत्मसम्मान के साथ जी रहे हैं और सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत, विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों के लिए घर बनाए जा रहे हैं, जो लंबे समय से बुनियादी ढांचे के बिना रह रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत कुल 858 बैगा हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए गए है। जिसमें अगस्त 2024 की स्थिति में केवल 10 आवास ही पूर्ण हुए थे। जिला प्रशासन खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मार्गदर्शन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, जनपद एवं ग्राम पंचायत की पूरी टीम के द्वारा लगातार सभी बैगा बसाहटों में दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में सघन दौरा कर बैगा हितग्राहियों के साथ लगातार चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित कर इन आवासों को पूर्ण कराया जा रहा है।। आज दिनांक की स्थिति में कुल 335 पीएम जनमन आवास पूर्ण हो गए है। साथ ही आगामी कुछ सप्ताह में लगभग 150 पीएम जनमन आवास और पूर्ण हो जाएंगे।













स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com